PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जीवन में सबसे बड़ी ताकत ज्ञान या धन नहीं, बल्कि सही समय पर लिया गया सही निर्णय होता है। जो व्यक्ति परिस्थितियों के अनुसार विवेकपूर्ण निर्णय लेना सीख लेता है, वह कठिन से कठिन राह को भी सफलता की मंज़िल में बदल देता है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-115 | झुंझुनू (राजस्थान) | शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

# आज का पसीना, कल की मुस्कान

समय जीवन की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। यह एक ऐसी धारा है जो निरंतर बहती रहती है और किसी के लिए भी ठहरती नहीं। जिसने समय की कीमत को समझ लिया, वह जीवन की दौड़ में आगे निकल जाता है, और जिसने इसे हल्के में लिया, वह अक्सर पछतावे के साथ पीछे रह जाता है। विशेष रूप से विद्यार्थी जीवन, युवावस्था और करियर की शुरुआत का समय मनुष्य के जीवन का 'स्वर्ण काल' माना जाता है। यही वह दौर होता है जब व्यक्ति के शरीर में ऊर्जा, मन में उत्साह और दिमाग में नए सपनों की उड़ान होती है। यदि इस समय का सही उपयोग किया जाए तो यही परिश्रम आगे चलकर जीवन की सफलता की मजबूत नींव बन जाता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

विद्यार्थी जीवन केवल किताबें पढ़ने या परीक्षाएं पास करने का नाम नहीं है, बल्कि यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने व्यक्तित्व, सोच और जीवन के लक्ष्य को आकार देता है। इस समय किया गया संघर्ष और अनुशासन व्यक्ति को भविष्य के लिए तैयार करता है। जो विद्यार्थी अपने समय को पढ़ाई, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों में लगाते हैं, वे धीरे-धीरे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते जाते हैं। इसके विपरीत जो लोग इस समय को आलस्य, लापरवाही और समय की बर्बादी में गंवा देते हैं, वे बाद में अक्सर यह कहते हुए नजर आते हैं कि 'काश हमने उस समय मेहनत की होती। ' युवावस्था में व्यक्ति के पास ऊर्जा की कोई कमी नहीं होती। यही वह समय है जब बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने का साहस होता है। लेकिन आधुनिक समय में एक बड़ी समस्या यह देखने को मिल रही है कि युवा वर्ग का एक हिस्सा त्वरित सफलता या शॉर्टकट की तलाश में रहता है। सोशल मीडिया की चमक-दमक और दूसरों की सफलता की झलक देखकर कई लोग यह मान लेते हैं कि सफलता बिना संघर्ष के भी मिल सकती है। जबकि वास्तविकता यह है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। हर बड़ी उपलब्धि के पीछे वर्षों की मेहनत, त्याग और धैर्य छिपा होता है। आज यदि कोई विद्यार्थी या युवा अपने समय का सही उपयोग करते हुए कठिन परिश्रम करता है, तो वही मेहनत भविष्य में उसे स्थिरता, सम्मान और आत्मसंतोष प्रदान करती है। जीवन की यह सच्चाई है कि आज बहाया गया पसीना ही कल की मुस्कान बनता है। जिस व्यक्ति ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्षों में अनुशासन और मेहनत को अपनाया, वह आगे चलकर अपेक्षाकृत शांत और संतुलित जीवन जीता है। वहीं जो लोग इस समय को व्यर्थ गंवा देते हैं, वे बाद में परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अक्सर यह महसूस करते हैं कि समय हाथ से निकल चुका है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि दुनिया के अधिकांश सफल लोगों ने अपने जीवन के प्रारंभिक वर्षों में कड़ी मेहनत की है। चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, साहित्य, खेल या समाज सेवा–हर क्षेत्र में सफलता उन्हीं लोगों को मिली है जिन्होंने अपने स्वर्णिम समय का सदुपयोग किया। उन्होंने कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें अपने विकास का माध्यम बनाया। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि युवा केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि सही दिशा में मेहनत करें। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। समय का प्रबंधन, अनुशासन और सकारात्मक सोच इस यात्रा के महत्वपूर्ण आधार हैं। यदि व्यक्ति इन गुणों को अपने जीवन में शामिल कर लेता है, तो सफलता की राह स्वयं ही बनती चली जाती है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में यह और भी आवश्यक हो गया है कि युवा वर्ग अपने समय और ऊर्जा का सदुपयोग करे। केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल, अनुभव और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति भी उतनी ही जरूरी है। जो युवा अपने भीतर सीखने की ललक और मेहनत की आदत विकसित कर लेते हैं, वे जीवन की हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हो जाते हैं।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि जीवन का हर पल महत्वपूर्ण है, लेकिन विद्यार्थी जीवन और युवावस्था का समय विशेष रूप से निर्णायक होता है। यदि इस समय को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जिया जाए, तो भविष्य स्वयं ही उज्ज्वल बन जाता है। इसलिए हर युवा को यह याद रखना चाहिए कि समय कभी रुकता नहीं और अवसर हमेशा इंतजार नहीं करते। आज का पसीना ही कल की मुस्कान बनता है। यदि हम आज खुद को तपाने के लिए तैयार हैं, तो निश्चित रूप से कल दुनिया हमें चमकते हुए देखेगी। यही जीवन का सच्चा सूत्र है–मेहनत आज, सफलता कल।

# पंजाब ने राजस्थान से मांगा पानी का पैसा

## सीएम भगवंत मान बोले-1.44 लाख करोड़ दो या पानी छोड़ो; 66 साल से है बकाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर/चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राजस्थान सरकार से पिछले छह दशकों के पानी का पैसा बकाया होने का दावा किया है। मान ने राजस्थान से 1.44 लाख करोड़ देने की मांग की है। इसके लिए औपचारिक दावा पेश करने की घोषणा की है। मान ने कहा- राजस्थान या तो पैसा दे या पंजाब से पानी लेना बंद करे। मान बुधवार को चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मान ने कहा- पानी देने के लिए 1920 में ब्रिटिश राज में तत्कालीन बीकानेर महाराजा और बहावलपुर रियासत (अब पाकिस्तान में) के बीच समझौता हुआ था। राजस्थान फीडर से बीकानेर-श्रीगंगानगर तक 18000 क्यूसेक पानी जाता है। उस समझौते के तहत प्रति एकड़ के हिसाब से पानी देने की फीस रखी गई थी। 1960 तक राजस्थान वो पैसा देता रहा। मान ने कहा- उसके बाद पानी के बंटवारे पर इंडस ट्रीटी (सिंधु जल समझौता) लागू हो गई। राजस्थान ने 18,000 क्यूसेक पानी लेना जारी रखा, लेकिन पैसा देना बंद कर दिया। पंजाब ने भी मांगना बंद कर दिया।

### पैसा दो या पानी छोड़ो

मान ने कहा- राजस्थान पर पंजाब का 1.44 लाख करोड़ बकाया बनता है। अगर वो यह कहते हैं कि सिंधु जल समझौते में तो लिखा ही नहीं गया है तो फिर पानी भी छोड़ो। पानी आप 1920 वाले कानून से ले रहे हो, पैसे की बात तुम 1960 के एक्ट से कर रहे हो। या तो 1920 का एक्ट टर्मिनेट करवाओ या फिर हमसे पानी लेना बंद करो। वे हमारा पानी तो चाहते हैं, लेकिन हमारा बकाया चुकाने को तैयार नहीं हैं।

### राजस्थान सरकार को चिट्ठी लिखी

भगवंत मान ने कहा- हैरानी की बात है कि सतलुज-यमुना लिंक नहर के जरिए पानी की मांग करने वाला राज्य इस भारी बकाया भुगतान के मुद्दे पर चुप है। हमने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए राजस्थान सरकार को एक बैठक के लिए पत्र लिखा है। पंजाब इस मामले को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

# खैरथल थाना पुलिस ने अवैध अफीम की खेती पर की बड़ी कार्रवाई, 393 किलो अफीम जब्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** खैरथल थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम हर्सोली में गेहूं की फसल की आड़ में की जा रही अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने आरोपी ओमी पुत्र जगदीश प्रसाद दत्तक निवासी हर्सोली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5050 अफीम के पौधे बरामद किए, जिनका कुल वजन 393 किलोग्राम था। यह कार्रवाई जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयसिंह यादव के सुपरविजन में पुलिस थाना खैरथल थानाधिकारी रामकिशन यादव के नेतृत्व में टीम ने प्रभावी कार्यवाही की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस की अपील है कि आमजन अवैध मादक पदार्थों की खेती/कथ-विक्रय से दूर रहें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें ताकि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सकें।

# रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई ने बिगाड़ा बजट, नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना ने केंद्र सरकार को घेरा

## नगर अध्यक्ष डी पी सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन, फूँका पुतला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के विरोध में गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना द्वारा कड़ा विरोध जताया गया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी ने किया, जबकि संयोजन कांग्रेस अनुसूचित जाति बुहाना ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया ने संभाला। बैठक के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। नगर अध्यक्ष डी पी सैनी ने कहा कि आज आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त है और गैस सिलेंडरों महंगाई एवं किल्लत ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। भाजपा की कुनीतियों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सरकार की विफलताएं बताने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। विरोध प्रदर्शन और बैठक के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सिंघाना नगर अध्यक्ष डीपी सैनी, कांग्रेस अनुसूचित जाति बुहाना ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया, नगर उपाध्यक्ष लक्की शर्मा, इकबाल खान, महासचिव रवि मीणा, सचिव सुरेश कुमार, ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीराम, ब्लॉक संगठन महामंत्री रवींद्र रॉकी, कार्यालय प्रभारी महावीर सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी रणजीत, मीणा समाज जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार मीणा, अध्यक्ष सुभाष मीणा, छाजू राम सैनी, रतनलाल, घीसाराम, महिपाल, अमन, विक्रम सिंह, मैक्स नायक, दिनेश सैनी, दीपक, जितेंद्र एवं मदन लाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत दो दिवसीय नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण सम्पन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना के अंतर्गत महाजन पंचायत, नगरपालिका चौक मंडावा में दो दिवसीय नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर आज विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस दौरान शिविर में आई सी ई एस की टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर आईसीईएस की टीम रिपु दमन स्वामी ने कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर की समस्त कार्यप्रणाली ओर इस योजना की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में स्थानीय उद्यमियों, व्यापारियों, विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों तथा नए व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल रूप से सक्षम किया गया। शिविर के प्रारंभ में आईसीईएस की विभाग के रिपु दमन स्वामी ने बताया कि वे अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे बेच सकते हैं तथा अपने व्यवसाय को देश और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक कैसे पहुंचा सकते हैं। इस दौरान झुंझुनूं जिले के वुडन हैंडीक्राफ्ट लकड़ी के हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को ओडीओपी योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने उत्पादों का बेहतर विपणन कर सकें। कार्यक्रम में मंडावा क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों, कारीगरों एवं युवाओं ने इस शिविर में बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर रिपु दमन स्वामी, पुखराज स्वामी, आईसीईएस विभाग के मुकेश शर्मा, जेपी छापोला, रवि बिल्ला, प्रदीप सोनी, अशोक तंवर, राजकुमार सिंघानिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# ऐचरा प्रदेश महासचिव मनोनीत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



निकटवर्ती राजस्व ग्राम शाहपुरा के सुरजमल ऐचरा के पुत्र राजेंद्र सिंह ऐचरा को विश्व जाट महासभा ने राजस्थान युवा प्रकोष्ठ का महासचिव मनोनीत किया है। युवा विश्व जाट महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हरिराम मील ने नियुक्ति पत्र में बताया कि विश्व जाट महासभा संपूर्ण विश्व जाट समाज का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र वैश्विक संगठन है। संगठन के विस्तार और समाज को जोड़ने के उद्देश्य को लेकर राजेंद्र सिंह को राजस्थान युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। ऐचरा के महासचिव बनने पर श्री विभिन्न संगठन एवं समाज परिवार के लोगों ने बधाई दी है।

# 71 कट्टे गेहूं से भरी सेवा की मिसालः मंडावर से 'अपना घर' के लिए रवाना हुई

## राहत पिकअप, मानवता के नाम समर्पित पहल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** ग्रामीण परिवेश में सामाजिक सरोकारों को जीवंत रूप देते हुए मंडावर की अपना घर सेवा समिति ने गुरुवार को निराश्रितों एवं जरूरतमंदों के लिए सेवा का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने पूरे क्षेत्र में संवेदनशीलता और सहयोग की नई मिसाल कायम कर दी। समिति के तत्वावधान में 71 कट्टे गेहूं से भरी राशन सामग्री की पिकअप को अपना घर आश्रम, भरतपुर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान मंडावर थाना प्रभारी प्रवीण मीना ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना करते हुए इस पहल को मानव सेवा की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक और अविस्मरणीय बताया तथा समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जहां पूरे आयोजन में सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उल्लेखनीय है कि 'अपना घर' जैसी संस्थाएं निराश्रित, असहाय एवं बेसहारा लोगों के पुनर्वास और देखभाल का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, ऐसे में मंडावर की इस पहल ने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का सशक्त संदेश दिया है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की संगठित और जिम्मेदार भागीदारी न केवल जरूरतमंदों के जीवन में राहत पहुंचाती है, बल्कि समाज में सह-अस्तित्व, करुणा और उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूती प्रदान करती है। समिति के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। इस मौक पर राजेन्द्र बूसर, हरिओम प्रकाश गुप्ता, मनीष दुसाद, त्रिपुरारीलाल ठाकुरिया, अजय झालानी,नरेश बंसल,योगेश टाल वाले, निर्गुण मंदिर महंत सरयूदास महाराज, राजेश शर्मा,महेश बडाया सहित सेवा समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

WALK-IN-INTERVIEW
REQUIRED
• TGT - All Subjects • PRT - All Subjects
• PGT - Physics • Mother Teacher
Date of Interview
22 MARCH 2026
Timing : 9 AM to 2 PM
महिला टीचर को प्राथमिकता दी जायेगी।
L.B.S.
#Ab Hoga Kamyabi Par Sabka Haq
Scholarship Test 2026-27
Seize the Opportunity
Get up to 100% Scholarship in Tuition Fee
Exam Date & Time
29 March 2026, Sunday
09:00 AM to 12:00 PM
Exam Center
LBS International Sr. Sec. School, Pacheri Bari
Admissions Open
Session 2026-27
PLAY GROUP to XII
SCIENCE & ARTS
L.B.S. INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
गुंती रोड़, पचेरी बड़ी Helpline No. 8209020308, 9413562241, 8209000294



# परवरिश: सवालों की होगी बौछार ऐसे रहें तैयार

पांच साल की अनिका और सात साल का अक्षय अपनी मां को बिलकुल चैन नहीं लेने देते। जब शरारतें नहीं कर रहे होते तो उनके शैतान दिमाग में अजब-गजब सवाल घूमने लगते हैं। उनकी मां अंकिता किसी भी समझदार मां की तरह उनके सवालों के जवाब देने की पूरी कोशिश करती है, लेकिन कभी-कभी सवाल इतने अटपटे होते हैं कि उसके लिए भी उत्तर दे पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह समस्या सिर्फ अंकिता की ही नहीं है बल्कि उस जैसी तमाम उन मांओं की है जो आज के दौर में बढ़ते बच्चों को एक संतुलित परवरिश देने का पूरा प्रयास कर रहीं हैं। कैसे बच्चों के सवालों का सामना करें, आइए जानें


पांच साल की अनिका और सात साल का अक्षय अपनी मां को बिलकुल चैन नहीं लेने देते। जब शरारतें नहीं कर रहे होते तो उनके शैतान दिमाग में अजब-गजब सवाल घूमने लगते हैं। उनकी मां अंकिता किसी भी समझदार मां की तरह उनके सवालों के जवाब देने की पूरी कोशिश करती है, लेकिन कभी-कभी सवाल इतने अटपटे होते हैं कि उसके लिए भी उत्तर दे पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह समस्या सिर्फ अंकिता की ही नहीं है बल्कि उस जैसी तमाम उन मांओं की है जो आज के दौर में बढ़ते बच्चों को एक संतुलित परवरिश देने का पूरा प्रयास कर रहीं हैं।



**सवालों को दें अहमियत** -जब बच्चा कोई सवाल पूछे तो उसमें दिलचस्पी जरूर दिखाएं। बच्चों को सवाल पूछने पर हतोत्साहित बिल्कुल ना करें। उन्हें अक्सर बहुत सी चीजें आकर्षित करती हैं, लेकिन जब उनसे जुड़े सवालों के जवाब उन्हें नहीं मिलते हैं तो वह अपने तरीकों से उत्तर तलाशने की कोशिश करते हैं। उनका कोई सवाल पूछना माता-पिता के लिए एक बहुत बढ़िया मौका होता है कि वह अपने बच्चों से संवाद कायम कर सकें और उन्हें बातों ही बातों में कोई महत्वपूर्ण जानकारी दे सकें। जैसे कि अगर बच्चा आपसे सवाल पूछे कि बारिश कैसे होती है? तो आप बातों ही बातों में उसे पानी के भाप बनने से लेकर बारिश की बूंदों में बदलने की पूरी प्रक्रिया समझा सकती हैं। फिर उससे दोबारा जरूर पूछें कि क्या उसे बारिश होने की पूरी प्रक्रिया अच्छी तरह समझ आ गयी है या नहीं?

**अटपटे सवालों के सुलझे हुए जवाब** - जब बच्चा बड़ा हो रहा होता है तो हर नई चीज उसे अपनी ओर आकर्षित करती है। उम्र से इस जिज्ञासा का कोई लेना-देना नहीं है। बच्चा चाहे छह साल का हो या सोलह साल का हो, उसकी कुछ भी नया जानने की इच्छा कभी खत्म नहीं होती। छोटे बच्चे जहां चिड़ियां और खरगोशों की बात करते हैं, वहीं बड़े बच्चे दूसरे तरह के सवाल पूछते हैं। उनकी जिज्ञासा अक्सर हमारी शारीरिक सरंचना या फिर विपरीत लिंग से बनने वाले रिश्तों को लेकर होती है। वे अपनी उम्र के हिसाब से सवाल पूछते हैं। यह बहुत जरूरी है कि बच्चे को उसके सवालों के लिए आप कभी ना डांटें। अगर सवाल का जवाब तुरंत देना संभव ना हो तो उसे प्यार से समझाएं कि आप थोड़ा फ्री होकर आराम से जवाब देंगी।

**जब उत्तर आपके पास ना हो** - अंतरिक्ष से लेकर हवाई जहाज तक बच्चों को सभी कुछ आकर्षित करता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं कि आपके पास हर सवाल का जवाब हो। ऐसे में कुछ भी मनगढंत जवाब देने की जगह बच्चे को प्यार से कहें कि इस सवाल का जवाब अभी आपके पास नहीं है, लेकिन आप पता करने की कोशिश करेंगी। चाहे तो बच्चे को अपने साथ बैठा कर इंटरनेट या एनसाइक्लोपीडिया



खोल लें और उसकी जिज्ञासा शांत करने की कोशिश करें। इससे एक ओर आप दोनों के बीच रिश्ता मजबूत होगा, वहीं बच्चे को भी भरोसा होगा कि आप उसकी हर दुविधा में उसका साथ देने के लिए खड़ी हैं।

**नई चीजों को लेकर दिलचस्पी पैदा करें** - जरूरी नहीं है कि हमेशा ही बच्चों के दिमाग में कोई सवाल घूम रहा हो। लेकिन अगर कभी किसी चीज को देख कर आपको यह लगे कि आपके बच्चे को उसके विषय में पता होना चाहिए तो उसकी दिलचस्पी उसमें पैदा करें।

# शशांकासन

## शरीर को करे वार्मअप



इस मौसम में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है। इस कारण यह मौसम हृदय रोगियों के लिए बहुत सावधानी बरतने की मांग करता है। इस मौसम में मांसपेशियां तथा धमनियां और शिराएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त के बहाव में रुकावट आती है। इस कारण इस मौसम में उच्च रक्तचाप तथा हृदय रोगियों को बहुत सावधान रहना चाहिए। हृदय रोगियों को इस मौसम में नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए।

**आसन**- प्रारम्भ सूक्ष्म व्यायाम से करना चाहिए। इसके बाद पवनमुक्तासन, एकपाद उत्तानासन, वज्रासन, शशांकासन, सर्पासन, योगमुद्रासन, गोमुखासन आदि का अभ्यास करना चाहिए। आसनों के अभ्यास के दौरान यदि कहीं थकावट या परेशानी महसूस हो तो श्वासन का अभ्यास करना चाहिए। आराम, शांति तथा सहजता से अभ्यास करें।

**शशांकासन की अभ्यास विधि**- घुटनों के बल जमीन पर बैठ जाएं। यह वज्रासन है। दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाएं। अब हाथों और धड़ को एक साथ आगे जमीन की ओर इस प्रकार झुकाएं कि हाथ तथा माथा जमीन पर आ जाए। इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रुकें। इसके पश्चात हाथ तथा धड़ को एक साथ ऊपर उठाते हुए वापस पूर्व स्थिति में आएं।

**सीमाएं**- स्लिप डिस्क या स्पॉन्डिलाइटिस के रोगी इसका अभ्यास न करें।

**प्राणायाम**- हृदय रोगी की हालत में सुधार लाने तथा सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करने में प्राणायाम का अभ्यास अत्यंत फायदेमंद साबित होता है, किंतु अभ्यास इतनी सहजता से होना चाहिए कि हृदय तथा फेफड़ों के लिए यह कष्टकर न हो। हृदय के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण प्राणायाम हैं नाड़ीशोधन तथा उज्जायी।

**उज्जायी प्राणायाम की अभ्यास विधि**- पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन या कुर्सी पर रीढ़, गला एवं सिर को सीधा कर बैठ जाएं। हाथों को ज्ञानमुद्रा में रखें। अब एक गहरी, धीमी, शांत तथा लम्बी श्वास नासिका द्वारा अंदर लें। इसके बाद नासिका द्वारा धीमी, गहरी तथा शांत प्रश्वास बाहर निकालें। यह उज्जायी श्वासन का एक चक्र है। प्रारम्भ में इसके 12 चक्रों का अभ्यास करें। धीरे-धीरे इसके चक्रों की संख्या अपनी सुविधा तथा क्षमता के अनुसार बढ़ाएं। **आहार**- भारी, गरिष्ठ एवं तले-भुने भोजन का सेवन करने से बचें। अधिक भोजन लेने की आदत का त्याग करें। फल और हरी सब्जियों को प्रमुखता से अपने भोजन में शामिल करें। मद्यपान, धूम्रपान, तम्बाकू, गुटके आदि का सेवन बिल्कुल न करें।

# प्रोटीन बच्चों के विकास के लिये क्यों हैं आवश्यक

हम हमेशा कहते है कि बच्चों में पता नहीं कहां से इतनी ऊर्जा आती है कि वह कभी भी एक जगह टिककर नहीं बैठ सकते। सारा दिन उनकी उछल कूद चलती रहती है तो सोचने वाली बात है कि उनमें कभी न खत्म होने वाली ऊर्जा कहां से आती है ? क्या यह ऊर्जा उन्हें जो वह खाते है, उससे मिलती है ? जी, अगर आप भी यही सोचते है तो यह सिर्फआधा सच है। गौरतलब है कि आहार शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है, जिससे शरीर को ताकत व काम करने की क्षमता मिलती है। इसलिए तो कहा जाता है कि बचपन और किशोर अवस्था में बच्चों को सबसे ज्यादा पोषक तत्वों की जरूरत होती है।स्कूल जाने वाले बच्चे खासतौर से 6 से 12 साल के बच्चों के कद, वज़न और शरीर तेज़ी से बढ़ता है। करीब 18 साल की उम्र तक के बच्चों में हर साल औसतन करीब 3 किलो वज़न और 6 सेमी कद में बढ़ोतरी होती है। ऐसे में उन्हें स्वस्थ व संतुलित आहार जिसमें कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मिनरल व प्रोटीन की प्रचुर मात्रा की जरूरत होती है। हालांकि इन पोषक तत्वों में प्रोटीन बढ़ते बच्चों के लिए सबसे ज्यादा अनिवार्य है और भारतीय भोजन इस पोषक तत्व को पूरा नहीं कर पाता।



**विकास के लिए प्रोटीन** – प्रोटीन सभी जीवित कोशिकाओं के प्राथमिक संरचनाओं व फंक्शनल ब्लॉक बनाता है। हमारे शरीर में करीब आधा प्रोटीन मांसपेशियों में मौजूद है जबकि बाकी हड्डियों, कार्टिलेज और त्वचा में पाया जाता है। इस बारे में क्लिनिकल न्यूट्रिशन व डायटिशियन विभाग की रीज़नल हेड रितिका समादार का कहना है, '' प्रोटीन शरीर के विकास में सहायक है और यह स्कूल जाने वाले बच्चों की मांसपेशियों की मज़बूती को बनाए रखने में भी मदद करती है। इसलिए जैसे आपके बच्चे की उम्र बढ़ती है, वैसे ही उनकी प्रोटीन की दैनिक जरूरत बढ़ती जाती है।'' प्रोटीन विभिन्न प्रकार के अमिनो एसिड से बनते है। इसमें से कुछ अमिनो एसिड को ''आवश्क'' कहा जाता है क्योंकि यह मानवीय शरीर में नहीं बनते बल्कि इन्हें विभिन्न तरह के आहार से प्राप्त किया जाता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि प्रोटीन जैसे पोषक तत्व को पाने के लिए सही प्रकार के स्त्रोत को चुना जाए, खासतौर से पौधों से जुड़े आहार क्योंकि यह ज्यादातर भारतीय आहार का हिस्सा होते है। पौधों पर आधारित प्रोटीन में सोया से जुड़े उत्पाद, अनाज जैसेकि क्विनिया, बीज जैसे चिया बीज और हेंम के बीज शामिल है।

**प्रोटीन और कैल्शियम**- अगर आपके बच्चे में प्रोटीन प्रचुर मात्रा होगा तो शरीर में कैल्शियम भी तेज़ी से अवशोषित होगा। हड्डियां सिर्फ कैल्शियम से नहीं बनी होती बल्कि प्रोटीन भी महत्वपूर्ण मात्रा में हड्डियों में होता है। प्रोटीन हार्मोमोन के विकास में महत्वपूर्ण कारक होता है जो स्कूली बच्चों के विकास को प्रभावित करता है। अगर बच्चों में प्रोटीन की कमी हो जाए तो उनमें ओस्टियोपोरिसस और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। प्रोटीन सामान्य शारीरिक विकास और शरीर के टिशू बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए बच्चों के रोज़ाना के आहार में दो से तीन सर्विंग प्रोटीन शामिल करना जरूरी है। प्रचुर मात्रा में प्रोटीन से हड्डियां सेहतमंद बनती है। हालांकि अगर प्रोटीन का स्तर बढ़ने पर हड्डियों से कैल्शियम खत्म होने लगता है।

# स्मार्टफोन यूज करने से दिल में होता है ट्यूमर!



आज स्मार्टफोन हमारे जीवन का सबसे जरूरी हिस्सा है। लेकिन हम स्मार्टफोन का प्रयोग इतना अधिक कर रहे हैं कि ये हमारे शरीर में कैंसर का ट्यूमर बना सकते हैं और वो भी हृदय में। अमेरिकी सरकार की ताजा और सबसे जरूरी मानी जा रही एक रिसर्च में इस बात का दावा किया गया है।

**चूहों के हार्ट में पाया गया ट्यूमर**



अमेरिकी सरकार के शोधकर्ताओं ने पाया है कि स्मार्टफोन से निकलने वाली रेडिएशन इंसानों के शरीर में ट्यूमर को जन्म दे सकती हैं। शोधकर्ताओं ने नर चूहों पर मोबाइल रेडिएशन का इस्तेमाल करके ये पाया कि उनके हृदय की कोशिकाओं में ट्यूमर जन्म लेता है। वहीं शोधकर्ताओं ने जब यही शोध मादा चूहों पर किया तो उन्में ट्यूमर नहीं बना। ये नतीजे अमेरिका के नेशनल टॉक्सीकोलॉजी प्रोग्राम ने जारी किए हैं।

**अभी तक का सबसे महत्वपूर्ण अध्ययन**

आपको बता दें कि इससे पहले भी मोबाइल विकरणों को स्वास्थ्य के खतरे से जोड़कर देखा गया है। लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा की गई ये रिसर्च ज्यादा विस्तृत और सटीक नतीजे देती है। शोधकर्ताओं ने लगभग 20 सालों तक 160 करोड़ रुपये की खर्ज करके चूहों पर स्मार्टफोन की किरणों से होने वाले बदलावों पर शोध किया।

**पहली बार हार्ट के पास मिला ट्यूमर**

इस शोध में शामिल किए गए चूहों पर बेहद तेज मोबाइल रेडिएशन डाली गईं, जिसके बाद 6 प्रतिशत जानवरों में 'schwanno-mas' नाम का ट्यूमर बन गया। ये खास तरह का ट्यूमर हार्ट के पास मौजूद नर्व टिशू में पैदा होता है। इस शोध से जुड़े वैज्ञानिक जॉन बुचर ने कहा, %ये बात सही है कि इससे पहले भी फोन की विकरणों से होने वाले कैंसर का पता लग चुका है, लेकिन ये कान और मस्तिष्क के पास पाए गए थे। अब ठीक उसी तरह का ट्यूमर पहली बार हार्ट के करीब मिला है।

**बढ़ता वजन महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा बढ़ा रहा** हालांकि वैज्ञानिकों का मानना है कि ये नहीं सोचा जाना चाहिए कि जो नतीजे चूहों में दिखे हैं वही इंसानों में भी मिलेंगे। साथ ही फिलहाल सभी स्मार्टफोन खतरनाक रेडिएशन लेवल से कम विकरणें पैदा करते हैं। बुचर का कहना है कि ये नतीजे भविष्य में बनने वाले मोबाइ फोन के लिए एक सावधानी के रूप में काम करेंगे। बता दें कि नतीजे 3जी और 2जी फोन के जरिए हासिल हुए हैं। 4जी और 5जी फोन, अलग फ्रीक्वेंसी पर काम करते हैं और उनसे निकलने वाली रेडिएशन भी अलग होती हैं।

विरासत एवं संस्कृति का उत्सवः राजस्थान दिवस पर झुंझुनूं में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

# राजस्थान दिवस हमारी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और परंपराओं का स्मरण करने का अवसर : प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत





**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर गुरुवार शाम अग्रसेन भवन में जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और कला की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस केवल स्थापना का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और परंपराओं को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं व विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना योगदान दे । सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के ख्यातनाम लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया। अंतरराष्ट्रीय लोक गायक संजय मुकुंदगढ़ ने अपने सुरों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं राजस्थानी भाषा के अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि एवं मंच संचालक हरीश हिंदुस्तानी ने अपने हास्य और व्यंग्य से वातावरण को उल्लासमय बना दिया। मंजू सपेरा एंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लोक नृत्यों ने राजस्थान की जीवंत लोक परंपराओं को साकार रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रस्तुत लोक गीतों, नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने राजस्थान की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने भी अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट सहयोग दिया, जिसकी सभी ने सराहना की।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, पूर्व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, एडीएम अजय कुमार आर्य, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र चौधरी, एडिशनल एसपी देवेंद्र राजावत, सीओ स्काउट महेश कलावत, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबडा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, सीओ स्काउट महेश कालावत, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, महिला एवं बाल विकास के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, डीईओ माध्यमिक राजेश मील, डीईओ प्रारंभिक संतोष सोहू, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, विशंभर पूनिया, बनवारी लाल सैनी, महेंद्र चंदवा, मुरारी सैनी सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी व सैकड़ो की संख्या में आमजन मौजूद रहे ।

# झुंझुनूं में अधिवक्ताओं का सम्मान, लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य पर सराहना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं एवं जिला अभिभाषक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सूचना केंद्र सभागार में लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री काउंसलिंग के दौरान मामलों के निपटारे में बेहतरीन योगदान देने पर अधिवक्ता रजत आबूसरिया एवं अधिवक्ता नवीन सैनी को सम्मानित किया गया। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग से ही झुंझुनूं जिला लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण में प्रदेशभर में शीर्ष स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. घासीराम वर्मा ने कहा कि अधिवक्ता अपने उत्कृष्ट कार्य के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास में निरंतर योगदान देते रहें। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष रतन मोरवाल ने आयोग के कार्यों की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह एवं समाजसेवी विजय गोपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता योगेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता डीपी वर्मा, कमल शर्मा, फूलचंद सैनी, बजरंग लाल, मुकेश कुमार सिंह, लक्ष्मी चौधरी, लक्ष्मीकांत, मंजू, सुनील सेवदा, ओमप्रकाश सैनी, तेजवीर, विजेन्द्र बिश्शू, करण, मौहम्मद आमिर, अमजत अली, आरती कुमावत, मुकुल, स्वीटी चौहान सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# एनसीओआरडी मंच पर नशा उन्मूलन को लेकर सख्त रणनीति तय, प्रशासन-पुलिस-समाज का समन्वित अभियान तेज

## पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाते हुए आज जिला सचिवालय में एनसीओआरडी (हृष्टह्रश्ष्ठ) के अंतर्गत एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने की।बैठक में सीटीएम गौरव गुप्ता, ड्रग कंट्रोल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशा उन्मूलन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समग्र समीक्षा कर समन्वित रणनीति को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। बैठक के दौरान अवैध नशा सप्लाई पर नियंत्रण, नशा तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने, उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं को मजबूत करने तथा जन-जागरूकता अभियानों को व्यापक स्तर पर चलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि एनसीओआरडी एक सशक्त समन्वय मंच है, जहां प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग एवं समाज मिलकर नशे के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि नशा केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती है, जिसके समाधान के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।

एसपी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में नशा तस्करी के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाए जाएं, खुफिया तंत्र को मजबूत किया जाए तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नशे की सप्लाई लाइन को जड़ से समाप्त किया जा सके।बैठक में ड्रग कंट्रोल विभाग को मेडिकल स्टोर्स की नियमित एवं सघन जांच करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रेडक्रॉस सोसायटी को नशा-पीड़ित युवाओं को उपचार, काउंसलिंग एवं पुनर्वास सेवाओं से अधिकाधिक जोड़ने के लिए कहा गया। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों एवं कॉलेजों में नियमित एंटी-ड्रग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा पुलिस एवं नशा मुक्ति टीमें शैक्षणिक संस्थानों से निरंतर समन्वय बनाए रखें। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए अभियान को गांव, पंचायत एवं वार्ड स्तर तक व्यापक रूप से ले जाने पर बल दिया गया।बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि नशा उन्मूलन एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक विभाग एवं नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने दो टूक कहा कि 'फतेहाबाद को नशा मुक्त जिला बनाना हमारा साझा संकल्प है और इसे पुलिस, प्रशासन एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से अवश्य पूरा किया जाएगा। '

# निशान शोभायात्रा के साथ नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ : श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शहर के श्री मेढ स्वर्णकार समाज की ओर से नवरात्र के शुभारंभ के मौके पर निशान शोभायात्रा निकाली गई। एक रथ में माता दुर्गा की झांकी काफी आकर्षक लग रही थी। वहीं दूसरे रथ में कथावाचक वाणी भूषण पंडित प्रभु शरण तिवाड़ी विराजे थे। शोभायात्रा विवेकानंद चौक से शुरू होकर तिरंगा स्थल, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर, पंडित हजारीलाल शर्मा मार्ग, झुंझुनूं रोड चुंगी चौराहा होते हुए स्टेशन स्थित श्री दुर्गा मंदिर में जाकर विसर्जित हुई। इस दौरान माता के निशान माता दुर्गा को समर्पित किए गए। यात्रा में महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही। वहीं माता के भजनों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान मंदिर में समाज अध्यक्ष राजू भामा के नेतृत्व में मंदिर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजन भी शुरू हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान जयप्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष मोनू सोनी, कोषाध्यक्ष प्रदीप सोनी, लीलाधर सोनी, परविन्द्र सोनी, मनोज सोनी, दामोदर सोनी, विनोद सोनी, रवि सोनी, मुकेश सोनी, जनार्दन सोनी, पंकज सोनी, मुकेश सोनी, कृष्णकांत सोनी, सुनील सोनी, राजकुमार जिसपाल, सुरेश शेखावत, सियाराम शर्मा, ग्यारसीलाल हर्षवाल सहित विशिष्टजन मौजूद रहे। अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि शुक्रवार से स्टेशन के पास स्थित समाज के दुर्गा मंदिर में राम कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी कथा का वाचन करेंगे। जिसमें सुंदर झांकियों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# छठे दिन एनएसएस शिविर में छात्राओं की स्वच्छता चेतना रैली : गांधी चौक व थाना परिसर में किया श्रमदान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के छठे दिन गुरुवार को स्वयंसेवक छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रभावशाली रैली निकालकर पूरे कस्बे में साफ-सफाई का संदेश दिया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को स्वच्छ वातावरण के महत्व से अवगत कराते हुए समाज में जागरूकता का संचार किया। इसके बाद छात्राओं ने गांधी चौक तथा मंडावर पुलिस थाने के बाहर श्रमदान करते हुए सफाई कार्य कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस दौरान शिविर प्रभारी सोनम कंवर एवं विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका ममता शर्मा की मौजूदगी में छात्राओं ने अनुशासित ढंग से कार्य करते हुए सार्वजनिक स्थलों की सफाई की और आमजन को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं की इस सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी केवल जागरूक ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी तत्पर है। शिविर के तहत लगातार विभिन्न सामाजिक विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें छात्राएं पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग ले रही हैं। शिविर प्रभारी सोनम कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय इस विशेष शिविर का समापन शुक्रवार 20 मार्च को किया जाएगा, जिसमें पूरे शिविर की गतिविधियों का सार प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर कैम्प प्रभारी सोनम कँवर व शारिरिक शिक्षिका ममता शर्मा व विद्यालय की एनएसएस की सभी छात्राये मौजूद रही।

# चिड़ावा के डालमिया की ढाणी में गहराया जल संकट, अवैध कनेक्शनों के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

गर्मी की शुरुआत के साथ ही शहर के डालमिया की ढाणी क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। जल संकट से परेशान महिलाओं ने गुरुवार को अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव किया। मोहल्ले की महिलाओं का आरोप है कि क्षेत्र में कुछ प्रभावशाली लोगों ने मुख्य पाइपलाइन में मोटे पाइप लगाकर सीधे अवैध कनेक्शन ले रखे हैं। इसके चलते नियमित उपभोक्ताओं के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से जलदाय विभाग के चक्कर लगा रही थीं। इस संबंध में एईएन सविता से भी शिकायत की गई थी, लेकिन आश्वासन के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इससे नाराज होकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं के आक्रोश को देखते हुए कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान महिलाओं ने अधिकारियों को उन स्थानों की जानकारी दी, जहां अवैध कनेक्शन किए गए हैं। अधिकारियों ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया।प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि वे पिछले करीब डेढ़ महीने से पानी की गंभीर कमी का सामना कर रही हैं। कई घरों में तो बूंद-बूंद पानी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। जलदाय विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही अवैध कनेक्शनों को हटाकर पाइपलाइन की सफाई करवाई जाएगी। साथ ही, यदि इसके बाद भी समस्या बनी रहती है तो क्षेत्र में अतिरिक्त पाइपलाइन डालकर जलापूर्ति को सुचारू किया जाएगा। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सभी घरों में समान रूप से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी।

# भाजपा नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न: सात सत्रों में कार्यकर्ताओं ने सीखी संगठन और प्रबंधन की बारीकियां



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के तहत नगर मंडल चिड़ावा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग श्योराण गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं पार्टी के महापुरुषों के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुआ। वंदे मातरम और वर्ग गीत के गायन के पश्चात प्रशिक्षण के सात निर्धारित सत्रों की शुरुआत हुई।

प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की विचारधारा, इतिहास और कार्यप्रणाली को लेकर सात अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वक्ताओं ने विस्तार से जानकारी दी। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता पवन मावंडिया ने पार्टी के मूल सिद्धांतों और वैचारिक आधार पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में राजेश दहिया ने भाजपा के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक के सफर और संघर्ष की जानकारी दी। तृतीय सत्र में मुकेश खंडेलवाल ने कार्य विस्तार की दृष्टि और संगठन को मजबूती देने के उपायों पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में बाबूलाल वर्मा ने भाजपा की विशिष्ट कार्य पद्धति और अनुशासन के महत्व को समझाया। पंचम सत्र में सुरेश जलेन्द्रा ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को साझा किया। छठे सत्र में मोहित तामडयेत ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, 'मन की बात' कार्यक्रम और 'सरल ऐप' की तकनीकी बारीकियों को बताया। सप्तम सत्र में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर ने बूथ स्तर पर मजबूती और चुनाव प्रबंधन के गुर सिखाए। प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित जिला कार्यकारिणी समिति सदस्यों, मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों, प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों और मोर्चा अध्यक्षों ने 'सरल ऐप' के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मंच पर प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक बाबूलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, रिंकू शर्मा और ख्याति केडिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संतोष सैनी ने सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने 11 हनुमान चालीसा पाठ व दीपोत्सव के साथ किया नव संवत्सर का अभिनंदन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.?चिड़ावा।**

भारतीय संस्कृति के प्रतीक हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत नगर में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, चिड़ावा द्वारा इस पावन अवसर पर संकटमोचन द्वारकाधीश हनुमान मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान और दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकटमोचन हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ट्रस्ट के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर हो गया। इसके पश्चात हनुमान जी की भव्य संध्या आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। ?नव वर्ष के आगमन की खुशी में पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शाम ढलते ही कार्यकर्ताओं ने दीपोत्सव का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों दीपों की कतारों ने मंदिर की आभा को और अधिक बढ़ा दिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया ने उपस्थित जनसमूह को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए इसके आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तहसील प्रभारी रजनीकांत मिश्रा ने ट्रस्ट द्वारा संचालित जनहितकारी कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। ?धार्मिक आयोजन में ट्रस्ट के संरक्षक अशोक पुजारी, सुभाष मिश्रा, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र लावा, पवन चेतीवाल, गोयल शर्मा, विराट मिश्रा, विदित मिश्रा, मोहित और मितांश सहित बड़ी संख्या में सेवाभावी कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर नव वर्ष की बधाई दी और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की।

# महावारी स्वच्छता अभियान: छात्राओं में जागरूकता का संचार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद।** एस्टिमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नीमराना द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ में माहवारी स्वच्छता अभियान पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की 303 छात्राओं एवं स्टाफ ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पैम्फलेट, अल्पाहार एवं सैनिटरी पैड वितरित किए गए। विद्यालय परिसर में माहवारी स्वच्छता पर आधारित विनाइल शीट भी लगाई गई, जिससे छात्राओं को निरंतर जागरूकता मिलती रहे। कार्यक्रम में महिला विशेषज्ञ डॉ. बनिता कुमारी एवं डॉ. दिव्या चौधरी ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों और मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। संस्था की ओर से सलोनी सिंगला ने भी छात्राओं को माहवारी प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।संस्था के प्रबंधक श्याम सुंदर ने एस्टिमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नीमराना की टीम, विशेष रूप से निपुण व उनकी टीम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस जागरूकता अभियान से छात्राओं में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

# गूगलकोटा में रात्रि चौपाल: कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव गूगलकोटा में गुरुवार देर शाम जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के नेतृत्व में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने विभिन्न जनसमस्याएं उठाईं, जिनमें राजकीय बालिका विद्यालय के समीप संचालित शराब ठेके को हटाने की मांग, जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के तहत घर-घर पेयजल आपूर्ति नहीं होने की समस्या, झूलती और नीची विद्युत लाइनों को ऊंचा करने और उन्हें दुरुस्त कराने की मांग शामिल थीं। इसके अलावा, हाईवे के पास स्थित यूनाइटेड बेवरेज कंपनी पर जल स्रोतों के दोहन, पानी को प्रदूषित करने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। जिला कलेक्टर ने सभी समस्याओं पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभागों को तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी महेंद्र सिंह यादव, विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल, तहसीलदार विक्रम सिंह, नीमराना उपखंड चिकित्सा अधिकारी सुरेश यादव, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गजेंद्र यादव, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता रामवीर वर्मा, सरपंच श्यामसुंदर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही दिलबाग सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व एचआर फोरम का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद।** नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं एचआर फोरम ऑफ नीमराना एनसीआर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार रात्रि को नीमराना हाईवे स्थित मनोहर विलास होटल में भव्य स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग, वाणिज्य, खेल एवं युवा मामले, कौशल, रोजगार और उद्यमिता नीति निर्माण राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, पुलिस उप महानिरीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई, पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा, उपायुक्त जीएसटी ज्योति स्वरूप शर्मा, सहायक केंद्रीय जीएसटी अधिकारी विजय सिंह मीणा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद आयोजकों ने सभी अतिथियों का साफा, माला एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। समारोह के दौरान लोक कलाकार युसूफ खान एंड पार्टी ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक, मुख्य संरक्षक एवं मुख्य सलाहकार के.के. शर्मा, संरक्षक एवं सलाहकार अमरनाथ, एचआर फोरम नीमराना के अध्यक्ष संजय राणा, महासचिव लोकेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव सहित अशोक गर्ग, अनिल शर्मा, विनोद कुमार जैन, अमित कुमार, संदीप हुड्डा, विपिन गोयल, विकास कुमावत समेत संगठन के अनेक पदाधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रामादेवी महिला महाविद्यालय नूंआ में उत्साहपूर्वक मनाया गया नवसंवत्सर पर्व

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नुआ हरनाथपुरा स्थित रामादेवी महिला महाविद्यालय नूंआ में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के तत्वावधान में रामादेवी महिला महाविद्यालय नूंआ में नवसंवत्सर पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ आशा मिश्रा जिला अध्यक्ष एबीआरएसएम झुंझुनू ,प्राचार्य रामादेवी महिला महाविद्यालय नुआ,जिला सह सचिव एबीआरएसएम झुंझुनू डॉ नीतू सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर डॉ आशा मिश्रा ने नवसंवत्सर एवम् भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।महाविद्यालय की छात्राओं पलक, वाणी, काजल, आरती, चंदा, निकिता ने आकर्षक रंगोली सजाते हुए एक दूसरे को तिलकार्चन कर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सदस्य डॉ शहला सयीद , डॉ लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ नरेश नैण, नीतू शर्मा, डिम्पल मील, अनीशा बानो, सुनीता जाखड़, विमल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, मनीषा मोदी, सोनम वर्मा सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में घायल किसान को योजना से मिला सहारा, 1.87 लाख की मदद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण** । खेती के दौरान हादसे का शिकार हुए एक किसान को सरकार की योजना के तहत आर्थिक राहत प्रदान की गई। मोहम्मदपुर निवासी सुरेश कुमार को मुख्यमंत्री किसान एवं खेती जीवन सुरक्षा योजना 2013 के अंतर्गत एक लाख 87 हजार 500 रुपये की सहायता राशि दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार अपने खेत में ट्रैक्टर से कार्य कर रहे थे तभी अचानक ट्रैक्टर पलट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में उन्हें कमर से नीचे गंभीर चोटें आई जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें 80 प्रतिशत दिव्यांग घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया। इस स्थिति में कृषि विपणन बोर्ड ने संज्ञान लेते हुए योजना के तहत सहायता प्रदान की। यह राशि डीएमयू जगजीत सिंह ,अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जैलदार, स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव द्वारा मंत्री आरती सिंह राव के अटेली कार्यालय में सुरेश कुमार को सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेती जीवन सुरक्षा योजना 2013 का उद्देश्य खेती के दौरान दुर्घटनाग्रस्त किसानों को आर्थिक सहारा देना है। ताकि वे कठिन समय में अपने परिवार का संबल बन सकें। सहायता राशि मिलने पर पीड़ित किसान और उसके परिजनों ने सरकार व विभाग का आभार जताया और कहा कि इस सहयोग से उन्हें मुश्किल समय में राहत मिली है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव, रतन सिंह राजपुरा, शिवरतन, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, पार्षद अंशुल गोयल के अलावा अन्य मौजूद रहे।

# ज्योतिष, पौरोहित्य एवं पंचांग प्रशिक्षण का दीक्षांत समारोह आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



आचार्य नटवरलाल जोशी स्मृति ज्योतिष,पौरोहित्य एवं पंचांग प्रशिक्षण शिविर का नववर्ष अभिनंदन एवं दीक्षांत समारोह गुरुवार को श्री मुरली मनोहर जी के मंदिर में आयोजित हुआ ।

कार्यक्रम का आरम्भ सामूहिक श्रीराम स्तुति से हुआ जबकि पं. गोवर्धन शास्त्री, पं.बलराम शर्मा व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सामूहिक मंगलाचरण व नवीन जोशी द्वारा ने पौराणिक मंगलाचरण किया गया। अमित शर्मा ने अतिथियों का परिचय दिया । कार्यक्रम में आयोजको द्वारा अतिथियों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर पंचांग वाचन श्री विद्या पंचांग के संपादक आचार्य महेंद्र ने पुरूषोत्तम मिश्र ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की जबकि मंगल जांगिड ने कविता गायन किया । इस अवसर पर गोवर्धन शास्त्री बलराम शर्मा अमित शर्मा मुरारी लाल मिश्र जगदीश मिश्र आचार्यमहेंद्र प्रताप जोशी ने प्रशिक्षों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अर्जुन पुरस्कार विजेता सुरेश मिश्रा, राजस्थान विधानसभा में वित्तीय सलाहकार अपूर्व जोशी, ऋषिकुल विद्यापीठ की प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा, बगड़िया स्कूल के सचिव पवन गोयनका ने अपने विचार व्यक्त किए।प्राचार्य भंवरलाल शर्मा ने आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर बालकृष्ण जोशी , मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश कस्वां मांगीलाल वर्मा ललित भानु प्रकाश जोशी गिरधारी खरादी शिक्षाविद रामनिवास शर्मा विनोद पारीक सुरेंद्र इंदौरिया हर्षनाथ नाहरिया मनोज सुरोलिया बुद्धि प्रकाश व्यास राधेश्याम जांगिड़ राजकुमार खिरवेवाला दामोदर वर्मा ओम प्रकाश जांगिड़ शंभू प्रसाद शर्मा शशि कांत जोशी सहित प्रबुद्ध जन मौजूद थे कार्यक्रम संचालन अमित शर्मा ने किया।

# ईवाई माइंड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ, बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद।** ईवाई माइंड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ 1008 बाबा इकसार नाथ जी महाराज के करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी, समाजसेवी कर्मपाल चौहान, एडवोकेट मनजीत सामदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया। विद्यालय प्रधानाध्यापिका निकिता कौशिक ने शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में अपना उद्बोधन दिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने बच्चों की स्वच्छता शिक्षा एवं उनकी नींव को मजबूत करने पर प्रकाश डाला। समाजसेवी कर्मपाल सिंह चौहान ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। डायरेक्टर मुकेश कुमार ने बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा की भूमिका पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव, संदीप यादव, किरण देवी, संतोष देवी, राजबाला, सुमन देवी और अभिभावक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ईकसारनाथ महाराज ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित समस्त बच्चों और अभिभावकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# सिंघाना में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल, इफ्तार पार्टी में दिखा भाईचारा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



**हर्ष स्वामी ।** सिंघाना में सांप्रदायिक सौहार्द की सुंदर मिसाल उस समय देखने को मिली, जब हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों के लिए रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। समाजसेवी नौरंग डांगी द्वारा सिंघाना स्थित मस्जिद में पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को इफ्तार कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए और सभी ने मिलकर रोजा खोला। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि ईद से पूर्व हर वर्ष इस प्रकार की इफ्तार दावत का आयोजन किया जाता है, जिससे दोनों समुदायों के बीच आपसी संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। इस पहल को क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं तथा नई पीढ़ी को भी एकता का सकारात्मक संदेश देते हैं। इस मौके पर मौलाना समसतेव, ईदू खान, इब्राहिम, उस्मान, इकबाल, इस्लाम, पिंटू भार्गव, राजू भार्गव, ताराचंद, महिपाल मीणा, कृष्ण, मैक्स नायक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रघुनाथ की ढाणी में संपन्न हुई रामनवमी शोभायात्रा की बैठक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



बिरोल रोड से लेकर रघुनाथ की ढाणी तक के सभी सनातनियों की बैठक बुधवार शाम को रघुनाथ की ढाणी में स्थित कुंटवाला लाइब्रेरी में सांगलिया धूणी परंपरा के संत मूलदास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। रामनवमी शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी महेश मिश्र , प्रो. गिरधारीलाल , मुरली मनोहर चोबदार और श्योपाल सैनी (पीटीआई) ने श्रीरामदरबार चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ। आयोजन समिति के महेश मिश्र ने बताया कि 26 मार्च को विशाल और भव्य शोभायात्रा रामलीला चौक से प्रारंभ होगी ,जिसमें नगर के सभी वार्डों और गांवों से सनातनी शामिल होंगे। बिरोल रोड शोभायात्रा के संयोजक, सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर पंवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी चुना- चौक से बिरोल रोड तक के सनातनियों की भव्य शोभायात्रा बालाजी मंदिर(रघुनाथ की ढाणी) से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, चुना चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी,तथा विशेष तैयारियों के बारे में सभी को अवगत कराया। प्रो.गिरधारी लाल ने राम चरित्र पर प्रकाश डालते हुए भगवान राम की महिमा का वर्णन किया। सहसंयोजक अरविंद आशीवाल ,गुलाब मारोठिया,राजेश मारोठिया , ओम जी हलवाई और पीटीआई शयोपाल सैनी ने बताया कि बिरोल रोड के सभी कार्यकर्ता रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी में उत्साह से लगे हुए हैं पूरे क्षेत्र को भगवा झंडों से सजाया जाएगा ,साथ ही डीजे और भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष शामिल होंगे। इस अवसर पर नथमल सैनी, बीरबल सैनी, मुकेश आशीवाल, नंदलाल दायमा, योगेंद्र सैनी,श्यामलाल तोषावडा, रमेश सैनी, सत्यनारायण पंवार, अनुपम सैनी,किशोर कुमार,प्रकाश सैनी (टेंट वाला)अनिल,सुधीर सैनी, प्रशांत,सहित की काफी संख्या में बिरोल रोड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किशोरपुरा के चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की घट स्थापना पर उमड़े श्रद्धालु

### 9 दिवसीय धर्मिक कार्यक्रमों का आगाज

### 27 को भरेगा मेला 26 को होगी भजन संध्या

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चंवरा।**



**सुमेर मीणा** । किशोरपुरा गांव की आराध्य देवी चामुंडा माता मंदिर में गुरुवार को प्रथम नवरात्रि का शुभारंभ घट स्थापना के साथ हुआ। प.मनीष शास्त्री ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंदिर पर दुर्गा पाठ की शुरुवात की। मंदिर पुजारी रामवतार मीणा एवं महंत बाबा हरिदास महाराज ने श्रद्धालुओं को माता की ज्योत व आरती करवाई। मंदिर पर पहली बार 27 मार्च को मेला भरेगा। 26 मार्च को रात्रि में भजन संध्या आयोजित होगी। गुरुवार को माता के शैलपुत्री रूप की पूजा की गई। 9 दिवसीय धार्मिक आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आगाज हो चुका है। मंदिर पर हो रहे नवरात्रि के उतम कार्यों को लेकर भक्तों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर भक्त सुरेश मीणा किशोरपुरा, अजीत सिंह शेखावत,श्रीराम कुमावत, महेंद्र सिंह शेखावत, सुभाष कुमावत, सुधीर कुमार मीणा, अभिमन्यु सिंह,सुमित कुमावत, दीपेन्द्र सिंह,सीताराम सेन, श्याम सिंह शेखावत, अभिजीत सिंह,मदन सैनी,कर्ण सिंह, महेंद्र कुमावत,क्रिस सेन, पंकज मीणा किशोरपुरा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है- दिनेश जेलदार

### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल, सलीमपुर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार तथा प्रधान जिला पार्षद एवं पूर्व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य देवेंद्र की उपस्थिति में हुआ। वहीं समापन समारोह में जिला प्रमुख राकेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने कबड्डी, रिले रेस, लॉन्ग जंप, शॉट पुट और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लिया। अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों की श्रेणी में बिहाली बुल्स ने प्रथम स्थान तथा सलीमपुर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों में खुशी, वंशिका, लक्षिका, इशू, हरीश और विनय को बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। विजेता खिलाडियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दिनेश जेलदार ने कहा का खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और ये केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और चुनौतियों का सामना करने का साहस विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल ही भविष्य में बेहतर अवसरों के द्वार खोल सकते हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की अपील की। वहीं अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर भी जोर दिया। इस मौके पर पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि स्कूल चेयरमैन शमशेर सिंह, जिला पार्षद, पूर्व सरपंच जगमाल सिंह, विक्रम, राजकिशोर पंच,धर्मवीर, मातादीन, ओमप्रकाश, राकेश यादव,प्राचार्य अनुप के अलावा अन्य स्टाफ उपस्थित था।

# कर्मवीर बौद्ध की जीत लोकतंत्र की जीत- महेंद्र सिंह राता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध की जीत पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम दर्शाता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सच्चाई और सिद्धांतों की हमेशा जीत होती है। महेंद्र सिंह राता ने कहा कि चुनाव के दौरान तमाम राजनीतिक दबावों और हथकंडों के बावजूद विधायकों ने लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतांत्रिक परंपराओं में विश्वास और संविधान के प्रति आस्था का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले तथा अनुसूचित जाति समाज के समर्पित कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजकर सामाजिक न्याय को नई मजबूती दी है। यह निर्णय पार्टी की समावेशी सोच और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति को दर्शाता है। कांग्रेस विधायकों ने पार्टी नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा में भेजने का कार्य किया है। एक साफ-सुथरी छवि ईमानदार और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता को उच्च सदन में भेजना लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है।

# गणियार दीपिका ने महिला महाविद्यालय अटेली में पांचवें सेमेस्टर में यूनिवर्सिटी में छठी रैंक हासिल की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** अटेली क्षेत्र के गांव गनियार की दीपिका पुत्री संजीव कुमार ने पांचवें सेमेस्टर में मीरपुर यूनिवर्सिटी में छठी रैंक हासिल किया है। राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली का नाम रोशन करने के साथ अपने माता-पिता का नाम को भी आगे बढ़ाया है। वह प्रथम सेमेस्टर में भी यूनिवर्सिटी में छठा रैंक हासिल किया था। दीपिका ने अपनी सफलता पर बताया कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी चीज को किया जाए तो उसको हासिल किया जा सकता है। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त की है। सफलता पर अपने माता-पिता और गुरुजनों को श्रेय दिया। उसने बताया कि किसी भी शिक्षण संस्थान में अगर विद्यार्थी को अच्छा ज्ञान एवं शुद्ध वातावरण मिले तो वह हर प्रकार की परीक्षा में अव्वल आ सकता है। महिला महाविद्यालय अटेली के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रा होशियार व अनुशासित है। उसकी सफलता पर समस्त स्टाफ के सहयोग व छात्रा की मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। बता दें कि आपको दीपिका ने पिछले वर्ष बीए चौथे सेमेस्टर मीरपुर यूनिवर्सिटी में प्रथम रेंक हासिल की थी।

# स्वच्छ एवं स्वस्थ्य राजस्थान के निर्माण का सबसे बड़ा सूत्र स्वच्छता ही है: गुप्ता

### स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसेडर की नगर निकाय, जलदाय, सीवरेज, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ कार्यशाला

### स्वच्छता कार्यो को गंभीरता से लेने एवं सर्वेक्षण में राजस्थान को अव्वल बनाने के निर्देश



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसेडर एवं स्वच्छता विशेषज्ञ के.के. गुप्ता ने कहा है कि स्वच्छता कोई कार्य नहीं बल्कि जीवन शैली का अभिन्न अंग है। देश और प्रदेश में स्वच्छता की बयार चल पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के विजन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संकल्प को साकार करने की जिम्मेदारी आठ करोड़ राजस्थानवासियों के साथ प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी की है। यदि हम सब स्वच्छता को लेकर गंभीरता से कार्य करेंगे तो आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में राजस्थान को अव्वल आने से कोई नहीं रोक सकेगा। गुप्ता गुरूवार को झालावाड़ पहुंचे और जिला परिषद सभागार में जिलेभर की नगर निकाय, जलदाय, सीवरेज, पीडब्ल्यूडी, बिजली एवं देवस्थान विभाग के अधिकारियों-कार्मिकों की कार्यशाला को संबोधित किया।

ब्रांड एंबेसेडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता कोई साधारण कार्य नहीं है, जहां स्वच्छता की स्थापना हो गई वहां बड़े बदलाव की आगाज होकर रहता है। सही मायनो में स्वच्छता ना केवल क्षेत्र, जिला और प्रदेश की तस्वीर बदलेगी बल्कि व्यक्ति के जीवन को भी बदल कर रख देगी। इसका जीता जागता उदाहरण प्रदेश के डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर देखने को मिल रहा है। आज राजस्थान ही बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर डूंगरपुर मॉडल के चर्चे है। गुप्ता ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके सभापति कार्यकाल में डूंगरपुर ने स्वच्छता को लेकर ऐतिहासिक कार्य किए। जनजाति बहुल जिले की छोटी निकाय ने स्वच्छता में ऐसा बड़ा काम और करिश्मा कर दिखाया कि समूचे विश्व में डूंगरपुर की विशिष्ट पहचान कायम हुई। डूंगरपुर मॉडल देश-प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए नजीर बना। यह संभव भी तब हो पाया जब जनसहभागिता सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अब राजस्थान के धरातल पर उतारने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। राज्य सरकार स्वच्छता कार्यो को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत स्वच्छता के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर सीधे एक्शन लिया जाएगा।

### जयपुर के अल्बर्ट म्यूजियम से दिया है प्रदेश को संदेश :-

गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट म्यूजियम से स्वच्छ भारत अभियान को प्रदेश के प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में साकार करने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने प्रदेशवासियों को जागरूक रहना होगा। नगर निकाय के साथ प्रत्येक विभाग का दायित्व है कि मुख्यमंत्री के विजन और संकल्प को साकार करने के लिए अपने हिस्से का दायित्व पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता को बोध कराएं और 2047 के विकसित भारत निर्माण की कल्पना को साकार करने जी जान से जुट जाएं।

### स्वच्छता होगी तो बढ़ेगा प्रदेश का मान :-

ब्रांड एंबेसेडर गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मान और सम्मान को बढ़ाने के लिए स्वच्छता मिशन को गंभीरता से लेना ही होगा। स्वच्छता कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। स्वच्छता को टास्क के रूप में लेकर चलना होगा। यह अभियान राजस्थान को राष्ट्रीय मानचित्र पर चमकाने का विजन है, मुख्यमंत्री के संकल्प को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी हमारी है। पहली बार प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन को सार्थक बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है, इस नीति के तहत स्वच्छता के प्रति लापरवाही बरतने पर सीधा एक्शन लिया जाएगा। प्रत्येक निकाय की रिपोर्ट सरकार को प्रेषित होगी।

### स्वच्छता के बूते पर्यटन के आकाश में उड़ान भरेगा राजस्थान

गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता बड़े बदलाव की जननी है। इसे साबित किया है डूंगरपुर मॉडल ने...। स्वच्छता डूंगरपुर के धरातल पर लागू हुई तो देश-विदेश के पयटकों ने भी रूख किया। आज डूंगरपुर में बाहरी पर्यटक आने लगे है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों का हब माने जाने वाले राजस्थान को स्वच्छ सुन्दर बनायेंगे तो यहां के पर्यटन विकास की ख्याति समूचे भारत और विश्व में फैलेगी। पर्यटको की संख्या में इजाफा प्रदेश की विकास की रफ्तार को तेज करेगा और यदि स्वच्छता और विकास से हम जुड़ गए तो राजस्थान का गौरव हर क्षेत्र में गूंजायमान होगा।

### स्वच्छता के रंगो से सजाएं राजस्थान की तस्वीर

गुप्ता ने कहा कि राजस्थान वीर भूमि है। राजस्थान के शौर्य और साहस को समूचा विश्व जानता है। ऐतिहासिक विरासतों, धरोहरों और संस्कृति से संपन्न राजस्थान स्वच्छता से सरोबार हो, इसलिए हम सभी को मिलकर असंभव प्रयास करने होंगे। राजस्थान की तस्वीर को स्वच्छता के इंद्रधनुषी रंगो से निखारने का दायित्व समझना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अबकी बार राजस्थान आशातीत रूप से अव्वल आएगा। यदि प्रदेश स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप आता है तो इसका श्रेय भी आप सभी को जाएगा। प्रदेश को राष्ट्रीय सर्वेक्षण में टॉप पर लाने के साथ-साथ सफाई 365 दिन होनी चाहिए प्रमुख लक्ष्य है। जनसहभागिता और मीडिया की सकारात्मक भूमिका स्वच्छ भारत मिशन को नई उड़ान देगी।

### यह कर लिया तो चमक उठेगी वीरभूमि :-

गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की नगर निकाय स्वच्छता को लेकर आमजन में चेतना जगाएं। जागरूकता स्वच्छता की स्थापना का पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण, सूखे एवं गीले कचरे को पृथक से उठाकर निस्तारण, सेग्रिगेशन, खाली पड़े भूखंडो की सफाई, सीवरेज के पुख्ता प्रबंध, सार्वजनिक टॉयलेटों की दिन में तीन बार सफाई, प्लास्टिक की थैलियां को सड़कों से हटाना, रोड लाईट्स के साथ जल संचय और जल संरक्षण के साथ प्रकृति के श्रंगार का जिम्मा उठाना होगा। उन्होंने उदाहरण दिया और कहा कि प्रदेश की डूंगरपुर निकाय के बाद माऊंट आबू और नागौर निकाय ने शानदार कार्य करते हुए तस्वीर बदली है। गुप्ता ने कहा कि कोई कार्य असंभव नहीं है, मजबूत ईच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प धारण कर स्वच्छता को धरातल पर उतारने के मिशन में प्रभावी रूप से जुट जाएं।

## तीर्थराज लोहार्गल धाम में मीणा समाज के आराध्य देव मत्स्य भगवान का जयंती समारोह 21 को

### मीणा धर्मशाला के प्रसिद्ध मिनेश भगवान मंदिर पर होगा कार्यक्रम

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा ।** पौराणिक तीर्थ नगरी लोहार्गल धाम पर स्थित मीणा धर्मशाला एवं मिनेश भगवान मंदिर में आदिवासी मीणा समाज के अवतार मत्स्य भगवान का जयंती समारोह धूम-धाम से मनाया जाएगा। संस्था के महामंत्री एडवोकेट अशोक मीणा एवं प्रभाती लाल मीणा उदयपुरवाटी ने बताया कि 21 मार्च शनिवार को दोपहर 12:15 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में मीणा धर्मशाला एवं मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, उदयपुरवाटी एसएचओ रामपाल मीणा, गोठड़ा थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा ,राजस्थान आदिवासी सेवा संघ के सीकर जिलाध्यक्ष रिटायर्ड एएसपी वीरेंद्र मीणा,भूदान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान आदिवासी सेवा संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण नागवा,राष्ट्रीय मीणा महासभा के सीकर जिलाध्यक्ष कैप्टन जयनारायण मीणा ,पूर्व झुंझुनू जिलाध्यक्ष दिलिप मीणा, राष्ट्रीय मीणा विकास परिषद के जिलाध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा, समाज सेवी सुरेंद्र भोजासर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रमुख लोग शामिल होंगे।।

## लुमास मुक्ति धाम में लगाए परिंडे पक्षियों की प्यास बुझाने का युवाओं ने लिया संकल्प



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** क्षेत्र के ग्राम लुमास के मुक्ति धाम में आज पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था को लेकर परिंडे बांधे गए । पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा ने गांव के युवाओं ने नियमित पानी ओर चुग्गा डालने की जिम्मेदारी ली। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा लुमास ने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पक्षियों की सेवा करना ही हम सभी का कर्तव्य होता है। सेवा करनें से मन को तो शांति मिलती ही है,साथ ही सकारात्मक विचार आते है। इसलिए हमे पर्यावरण और पक्षी मित्र बनकर रोज उनकी सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर रुद्र प्रताप सिंह,अरविंद सिंह, पियूष झाझडिया, आयूष झाझडिया सहित अनेक युवाओं ने सहयोग देते हुए पक्षियों के परिंदे लगाने के साथ साथ नियमित पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया।

## थाना शहर फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई: पति की हत्या के मामले में पत्नी काबू

### भोडिया खेड़ा निवासी युवक की हत्या का मामला सुलझाया

### प्रेम प्रसंग के चलते पति की हत्या, सह-आरोपी पहले ही काबू



भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने हत्या के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को काबू करने में सफलता हासिल की है। काबू की गई आरोपी की पहचान ममता पत्नी जयवीर निवासी भोडिया खेड़ा जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 11.03.2026 को फतेहाबाद के सेक्टर-11 स्थित निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल के पास सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान जयवीर निवासी भोडिया खेड़ा के रूप में हुई। शव पर सिर में चोट के निशान पाए गए। इस संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में अभियोग संख्या 109 दिनांक 11.03.2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस टीम ने साक्ष्य एवं तकनीकी आधार पर पहले ही सह-आरोपी मनोज कुमार को काबू कर लिया था। आगे की जांच में मृतक की पत्नी ममता की संलिप्तता सामने आई, जिसे तत्परता से कार्रवाई करते हुए काबू किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मनोज कुमार और ममता के बीच प्रेम प्रसंग था तथा दोनों ने मिलकर जयवीर की हत्या की साजिश रची थी। इसी योजना के तहत दोनों ने जयवीर की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया, ताकि घटना को छिपाया जा सकें। काबू की गई आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले में गहनता से जांच जारी है।

## भारतीय नवसंवत्सर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ में आयोजित हुए भजन- कीर्तन



### श्रीराम स्तुति व हनुमान चालीसा पाठ

### सिकरीबंद शिवालय के युवा भजन गायक कलाकारों की ओर से दी गई भजनों की शानदार प्रस्तुति

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ में हिन्दू नववर्ष पर गुरुवार को शिकरीबंद शिवालय के युवा भजन गायक कलाकार पुनित पाराशर, अनुप खुडीवाला, रूपेश भूमावाला , शंकर बागड़ी, हेमंत खंडेलवाल, आकाश सोनी,मयंक शर्मा, रोहित भाटी, जतिन सोनी,लक्की कम्मा,विकास बबेरवाल, गोविंद राम जांगिड़ के नेतृत्व में शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सामूहिक श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा पाठ व आरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर छात्रावास में निर्मित राम-जानकी हनुमान मंदिर की दिव्य व भव्य सजावट की गई तथा भगवान के दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया जाकर मंदिर के शिखर पर नवीन पताका फहराई गई। भारतीय नवसंवत्सर पर गुरूवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में छात्रावास अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी, मार्गदर्शक पूर्णमल राकसिया, संयोजक सज्जन कुमार सैनी, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, फाइनेंस कंसल्टेंट अनिल कुमार मैनेजर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी, महावीर प्रसाद जाजम,योजना सलाहकार रामस्वरूप पीटीआई, प्रवक्ता मनोज राकसिया, उपाध्यक्ष विनोद मिटावा,मंत्री सुभाष भाटी, भूमि प्रदाता विनोद कुमार गौड़, दीपक कटारिया, राजकुमार राकसिया, गोविंद सैनी, अनिल हेतमसर, अंकित कुमार सैनी, संदीप कुमार पिपलोदिया, युवराज, मनोज वर्मा , राकेश कुमार गौड़, अनुज पारीक सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य, विधार्थी व प्रबुद्ध जन मौजूद थे। इससे कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व उपस्थित श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर भगवान राम जानकी हनुमान के दर्शन कर मंगल कामना की।

## महिलाओ की जागरूकता हेतु किया समूह बैठक का आयोजन



भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।

**कमल किशोर पंवार ।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली गतिविधियों की कड़ी में गुरुवार को नवलगढ़ शहर के बकरा मंडी के पास में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन रुडीप के अधिशाषी अभियन्ता नूतन प्रकाश सैनी व कनिष्ठ अभियन्ता संजू पूनिंया के निर्देशानुसार किया गया। सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता ईकाई के सहायक सामुदायिक विकास कार्मिक भींव सिंह सैनी ने महिलाओ को शहर में चल रहे बरसाती पानी के जल भराव की निकासी हेतु किये जा रहे ड्रेनेज कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी व ड्रेनेज कार्य पूर्ण होने पर इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही सैनी ने महिलाओं को दैनिक जीवन में अपनायी जा सकने वाली जल बचत की आदतों जैसे नल बंद रखना, घर के फर्श को पाइप से नहीं धोने की सलाह दी व नवलगढ़ शहर में शुरु होने वाली शहरी सोंदर्यकरण की नयी परियोजना के अन्तर्गत किये जाने वाले विकास कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में सोशल सेफगार्ड जितेन्द्र कुमार शर्मा ने महिलाओ को स्वास्थ्य एवं स्व्च्छता के महत्व पर जानकारी दी कार्यक्रम में एसओटी टीम के प्रमोद कुमार सैनी, ने महिलाओ के लिए राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही महिलाओं को टोल- फ्री नंबर की जानकारी दी और पम्प्लेट्स का वितरण किया कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन देवी का सहयोग रहा

## राजकीय महाविद्यालय चिड़ावा में भारतीय नव संवत्सर का हर्षोल्लास के साथ स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई द्वारा बुधवार को मास्टर हजारीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर भारतीय नव वर्ष (विक्रम संवत) कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा परिसर में आने वाले अतिथियों और साथियों को तिलक लगाकर एवं मिस्री-मावा खिलाकर किया गया। पारंपरिक तरीके से हुए इस स्वागत ने पूरे परिसर को भारतीय संस्कृति के रंग में सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और नव संवत्सर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय पंचांग और गौरवशाली इतिहास से जुड़े प्रश्नों का विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। विजेताओं को आयोजन समिति की ओर से पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महासंघ के सीकर विभाग सह-संयोजक डॉ. अवतार कृष्ण शर्मा ने नव संवत्सर की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर बदलना नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह खगोलीय पिंडों (सूर्य और चंद्रमा) की गति पर आधारित वैज्ञानिक पद्धति है। जहाँ ग्रिगेरियन कैलेंडर में मात्र दिनांक बदलती है, वहीं हमारे नव संवत्सर के साथ प्रकृति में नव जीवन का संचार होता है। खेतों में फसल पकती है और वसंत ऋतु इस उत्सव को पूर्णता प्रदान करती है।' उन्होंने आगे जोड़ते हुए कहा कि हमारा पंचांग सदियों से हमारी परंपराओं, व्रतों और उत्सवों का आधार रहा है, जो हमें अपनी






जड़ों से जोड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु सांगवान ने की। इस अवसर पर लेखाधिकारी विक्रम, अवधेश सहित संकाय सदस्य इंद्रा सैनी, डॉ. अंजू कटेवा, डॉ. परमानंद शर्मा, डॉ. सोमवीर, बाबूलाल वर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## चलती ट्रेन से महिला को धक्का देकर हत्या करने वाला दोषी करार, आरोपी को आजीवन कठोर कारावास

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**विजय रंगा ।** जिला फतेहाबाद के एक सनसनीखेज चिन्हित अपराध मामले में माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय माननीय श्री तरुण सिंगल, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फतेहाबाद द्वारा 19 मार्च 2026 को पारित किया गया। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कठोर कारावास एवं 1,00,000 रुपये जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त धारा 354-A(1)(i) के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 रुपये जुर्माना (अदायगी न होने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास) भी सुनाया गया है। प्रकरण की जानकारी देते हुए उप निदेशक अभियोजन डॉ. सुनील कुमार खिच्ची एवं जिला न्यायवादी देवेंद्र मित्तल ने बताया कि 1 सितंबर 2022 को शिकायतकर्ता की पत्नी अपने पुत्र के साथ मायके से ट्रेन द्वारा टोहाना लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी संदीप उर्फ हनुमान, निवासी गांव कालवन (जिला जींद) ने महिला के साथ छेड़छाड़ की और धक्का-मुक्की करते हुए उसे चलती ट्रेन से नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद जीआरपी जाखल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव बरामद किया और शिकायतकर्ता के बयान पर थाना जीआरपी हिसार में धारा 302 व 354 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा गहन व निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला अटॉर्नी डॉ. नरेंद्र सिंह ने प्रभावी पैरवी करते हुए मजबूत एवं विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई। अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते इस गंभीर अपराध में दोषी को सजा दिलाकर न्याय सुनिश्चित किया गया है।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया

**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के



आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, 'यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता। मुझे हवा में रहना बहुत पसंद है। पहाड़ों में जाकर अपने शौक पूरे करना और पायलट बनना मेरी प्राथमिकता है। दाएं हाथ से बल्लेबाजी के अलावा बाएं हाथ से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में भी सक्षम फिलिप्स का एयरक्राफ्ट के कॉकपिट में भी हाथ आजमाना उनकी जिंदगी के आयामों को प्रदर्शित करता है और यह बताता है कि शायद ऐसा कुछ नहीं, जो फिलिप्स न कर सकें। ग्लेन फिलिप्स जल्द आईपीएल 2026 में दिखेंगे। वह लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। फिलिप्स को उनकी क्षमता के मुताबिक आईपीएल में मौके नहीं मिले हैं। देखना होगा आगामी सीजन में जीटी उनका कितना और कैसे इस्तेमाल करती है।

**आईपीएल 2026:**

## विराट कोहली आरसीबी के लिए खिताब डिफेंड करने की चुनौती के साथ बेंगलुरु पहुंचे

**बेंगलुरु एजेंसी।** ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली आईपीएल 2026 के लिए टीम से जुड़ गए हैं। कोहली बुधवार सुबह बेंगलुरु पहुंचे। टीम मैनेजमेंट, खिलाड़ियों और फैंस को कोहली का बेसब्री से इंतजार था। बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली लंदन में ही अभ्यास कर रहे थे। कोहली ने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली थी जिसे आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में जोश और तेजी आएगी। आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट कोहली का अहम योगदान रहा था। फ्रेंचाइजी के लिए पारी की शुरुआत करने वाले विराट कोहली ने पिछले सीजन में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले थे।

**अफ्रीकी फुटबॉल में बवाल**

**2 महीने बाद सेनेगल से छीना AFCON का खिताब**

# हारने वाली टीम बनी चैंपियन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीकी फुटबॉल में बड़ा विवाद सामने आया है। कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) ने अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस 2026 के फाइनल का नतीजा पलटते हुए मोरक्को को चैंपियन घोषित कर दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। सीएएफ ने जनवरी में खेले गए विवादित फाइनल में सेनेगल की 1-0 की जीत को पलटकर 3-0 से मोरक्को के पक्ष में कर दिया। सीएएफ की अपील समिति ने कहा कि सेनेगल का मैदान छोड़ना टूर्नामेंट नियमों के आर्टिकल 82 और 84 का उल्लंघन है। इन नियमों के तहत बिना अनुमति मैच छोड़ने वाली टीम को हार मान लिया जाता है। इसी आधार पर मैच का परिणाम बदलते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता घोषित किया गया।

**सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने किया विरोध-** इस फैसले पर सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन के सचिव जनरल अब्दुलाये सेदौ सो ने इसे मजाक बताते हुए कहा कि फैसले का कोई कानूनी आधार नहीं है। सेनेगल इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में ले जाएगा और आखिरी फैसले तक लड़ाई जारी रखेगा।

**इस फैसले से मोरक्को ने 50 साल बाद जीता अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस का खिताब-** इस फैसले के साथ मोरक्को ने 50 साल बाद अपना दूसरा अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस खिताब जीत लिया।

### फाइनल में स्टॉपेट टाइम में हुआ था जमकर विवाद

18 जनवरी को रबात में खेले गए फाइनल के दौरान स्टॉपेज टाइम में भारी विवाद हुआ। सेनेगल ने एक गोल किया, लेकिन रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने मोरक्को के बॉक्स में फाउल बताते हुए गोल को रद्द कर दिया। इसके तुरंत बाद मोरक्को को पेनल्टी मिली, जब ब्राहिम डियाज को फाउल किया गया। इस फैसले से नाराज होकर सेनेगल के कोच पेप बौना थियाव ने अपनी टीम को मैदान से बाहर बुला लिया। करीब 20 मिनट बाद कप्तान सादियो माने के समझाने पर टीम वापस लौटी। हालांकि, तनाव बना रहा। पेनल्टी पर डियाज गोल नहीं कर सके, जिसे एडौर्ड मेंडी ने बचा लिया। इसके बाद पापा गुये ने 94वें मिनट में गोल कर सेनेगल को जीत दिलाई थी।

## पहलवान मीनाक्षी गोयत ने किया उलटफेर

**अंतिम पंघाल को हराया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में बड़ा उलटफेर किया। मीनाक्षी ने 53 किग्रा वर्ग में अंतिम पंघाल को हराया और भारतीय टीम में जगह बना ली। पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गई और हाथ बढ़ाया।

**रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को किया बाहर**

# आर्सेनल और पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली एजेंसी।** यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे। विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।



जीत के बाद विनीसियस ने कहा, 'पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था। दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई। बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई।

# केकेआर के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा को यकीन

**आईपीएल:** *साउदी के साथ काम करने से स्किल्स होगी बेहतर*

**कोलकाता, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा हैं, जो नए सीजन से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने और अपनी स्किल्स को निखारने पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वह इस सीजन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। अंबाला के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने साल 2023 में इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना डेब्यू किया था। वैभव अरोड़ा आईपीएल करियर में अब तक 32 मुकाबलों में 36 विकेट हासिल कर चुके हैं। वह आईपीएल 2024 में केकेआर की खिताबी जीत में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

उस सीजन वैभव ने 10 मुकाबलों में 11 विकेट हासिल किए थे। जैसे-जैसे टीम आगामी सीजन के लिए तैयार हो रही है, अरोड़ा ट्रेनिंग कैंप के दौरान जमकर मेहनत कर रहे हैं और अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग पहलुओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, हमारी तैयारी मजबूत है। हम प्रैक्टिस मैच खेल रहे हैं और नेट्स में अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग तरीकों को भी निखार रहे हैं। बतौर तेज गेंदबाज आप हमेशा अच्छी तैयारी करना चाहते हैं और अपनी स्किल्स को बेहतर बनाना चाहते हैं, ताकि आप मैच के दौरान उन्हें



असरदार तरीके से इस्तेमाल कर सकें। अरोड़ा खासतौर पर अपने पुराने साथी टिम साउदी के साथ करीब से काम करने के मौके को लेकर उत्साहित हैं। साउदी इस सीजन में फ्रेंचाइजी के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान के पास इस भूमिका के लिए बहुत ज्यादा अनुभव है, जिन्होंने 700 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए हैं। साउदी ने साल 2021 से 2023 के बीच तीन सीजन तक केकेआर का प्रतिनिधित्व भी किया था।

## राजकुमार राव की अगली फिल्म का हुआ ऐलान

**राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'मालिक' में खूंखार लुक में नजर आए थे। अब उनकी आने वाली फिल्म अनाउंसमेंट हो गई है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की।**

### कीर्ति सुरेश होंगी फीमेल लीड

राजकुमार राव अगली फिल्म 'रफ्तार' में नजर आएंगे। उनके साथ साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश लीड रोल में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं।

### फिल्म की कहानी

फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ती स्टार्टअप की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे लड़के और लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जो सफलता पाने के लिए बहुत महत्वाकांक्षी हैं। जैसे-जैसे पैसा, ताकत और लालच बढ़ता है, वैसे-वैसे उनके रिश्ते की भी परीक्षा होने लगती है। बताया जा रहा है कि फिल्म भारत के कॉमर्शियल एजुकेशन सिस्टम पर एक सटायर भी है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे कई बार ज्ञान से ज्यादा मुनाफे को अहमियत दी जाती है। कहानी यह सवाल भी उठाती है कि सफलता पाने की कीमत क्या होती है और क्या वह कीमत सच में सही है।
जैसे ही पोस्ट शेयर की गई, उसके बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। फिल्म के नाम को देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि ये रैपर रफ्तार की बायोपिक है, और लोग बड़े उत्साह से कमेंट में रैपर रफ्तार की तारीफें कर रहे हैं।



**निकिता दत्ता ने जुबीन नौटियाल से शादी की खबरों पर की बात**

# मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं।

### देर से आई पीआर के बारे में समझ

बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है।

### ऐसे शुरू हुई जुबीन और निकिता के रिलेशनशिप की खबरें

बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं। इसके अलावा मुंबई के कैफे में भी दोनों को साथ देखा गया और अभिनेत्री को 2022 में एयरपोर्ट पर उन्हें लेने जाते हुए भी देखा गया था। इसके बाद ऐसी चर्चाएं तेज हो गईं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी भी कर सकते हैं। हालांकि, अब निकिता ने साफ तौर पर तो शादी के सवाल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उन्होंने अफवाहों और पीआर गेम की बात करते हुए इशारों में इसे गप्प बता दिया।

### ऐसा रहा निकिता का करियर

वर्कफ्रंट की बात करें तो निकिता ने 2014 में बॉलीवुड फिल्म 'लेकर हम दीवाना दिल' से अभिनय की शुरुआत की। फिल्मों के अलावा, उन्होंने 'ड्रीम गर्ल - एक लड़की दीवानी सी' से टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा। वह 'खाकी : द बिहार चैप्टर' और 'द वेकिंग ऑफ अ नेशन' जैसे कुछ ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। निकिता आखिरी बार पिछले साल आई नेटफ्लिक्स की फिल्म 'ज्वेल थीफ' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान और जयदीप अहलावत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे।

## सलमान खान की फिल्म का बदला नाम, अब 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से होगी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच हुए गलवान घाटी के घटनाक्रम से प्रेरित बताई जा रही है। लेकिन अब इस फिल्म को लेकर एक नया और बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, फिल्म के मेकर्स ने रिलीज से पहले इसका नाम बदल दिया है, जिससे फैंस के बीच फिर से चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, सोमवार को सलमान खान की प्रोडक्शन कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर इस फिल्म के नए नाम की घोषणा की। अब यह फिल्म 'मातृभूमि : मे वॉर



रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी। पहले इस प्रोजेक्ट को 'बैटल ऑफ गलवां' के नाम से जाना जा रहा था। नाम बदलने के साथ ही मेकर्स ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसने सोशल मीडिया पर आते ही लोगों का ध्यान खींच लिया। इस पोस्टर में सलमान खान बेहद अलग और गंभीर नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर खून और जख्म साफ दिखाई दे रहे हैं। उनके माथे पर गहरी चोट है और चेहरा धूल-मिट्टी से भरा हुआ है। उनकी आंखों में गुस्सा और दर्द का मिला-जुला भाव है। पोस्टर में सबसे ध्यान खींचने वाला हिस्सा एक ऐसा हथियार है जिसे वह अपने हाथ से रोकते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस हथियार के ऊपर कांटेदार तार लिपटा हुआ है और उस पर खून के निशान भी दिखाई देते हैं। वहीं, बैकग्राउंड को धुएं और धूल से भरा हुआ दिखाया गया है; इसमें कुछ सैनिक हथियार के साथ दौड़ते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर का माहौल युद्ध जैसा महसूस होता है। सलमान खान ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मातृभूमि : मे वॉर रेस्ट इन पीस', यानी युद्ध का अंत हो और शांति कायम रहे। फिल्म में सलमान खान कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो 16 बिहार रेजिमेंट का नेतृत्व करते हुए लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर स्थिति संभालते हैं। वहीं उनके साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

टीवी एक्ट्रेस

# जन्नत जुबैर

## और भाई अयान पर हाईवे पर हमला, पीछा कर रोका फिर की धक्का मुक्की, फैंस हुए परेशान



टीवी इंडस्ट्री और सोशल मीडिया की दुनिया से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. टीवी एक्ट्रेस और डिजिटल स्टार जन्नत जुबैर रहमानी और उनके भाई अयान जुबैर रहमानी के साथ कथित तौर पर हमला और मारपीट की घटना सामने आई है. इस खबर के सामने आते ही उनके फैंस के बीच चिंता का माहौल बन गया है और सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर काफी चर्चा हो रही है. इसके साथ ही उनकी टीम ने भी बयान जारी करते हुए घटना की जानकारी दी है.

जन्नत जुबैर रहमानी और उनके भाई अयान जुबैर रहमानी दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं. बताया जा रहा है कि जन्नत जुबैर और उनके भाई अयान कार से कहीं जा रहे थे. इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बाद में उन्हें रोककर धक्का-मुक्की और मारपीट की. इस घटना में दोनों को हल्की चोटें आने की भी खबर सामने आई है, जिससे यह उनके लिए बेहद डरावना अनुभव बन गया. रिपोर्ट्स के मुताबिक ये घटना महाराष्ट्र के पनवेल इलाके के पास एक हाईवे पर हुई.



**डराने-धमकाने की कोशिश की**

घटना की जानकारी सामने आने के बाद जन्नत जुबैर की टीम की ओर से एक बयान भी जारी किया गया. इस बयान में कहा गया कि जन्नत और अयान को हाईवे पर बेहद परेशान करने वाली स्थिति का सामना करना पड़ा. कुछ लोगों ने उनका पीछा किया और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की. हालांकि, टीम ने यह भी बताया कि फिलहाल दोनों सुरक्षित हैं और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है.

**नहीं हुई हमलावर की पहचान**

इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी एक्टिव हो गई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि हमला करने वाले लोग कौन थे और उन्होंने ऐसा क्यों किया. जन्नत जुबैर की बात करें तो वो टीवी इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस में से एक हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी शो 'फुलवा' से की थी और बाद में 'तू आशिकी' जैसे शो से उन्हें काफी पहचान मिली.

## क्या आवेज-नगमा का ब्रेकअप हो गया? बर्थडे पार्टी से नगमा को गायब देख उड़ी अफवाह




सोशल मीडिया के जाने-माने चेहरे आवेज दरबार और नगमा मिराजकर लंबे वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. नगमा और आवेज ने साथ मिलकर सलमान खान के शो बिग बॉस 19 में हिस्सा लिया था. शो के दौरान आवेज और नगमा ने बताया था कि दोनों एक-दूसरे को 10 साल से जानते हैं और उनका रिश्ता कभी बनता-बिगड़ता रहा है. हालांकि, इसी शो में आवेज ने नगमा को शादी के लिए प्रपोज भी किया था. कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें सामने आईं कि दोनों ईद के बाद शादी करने की तैयारी कर रहे हैं. लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि नगमा और आवेज अलग हो गए हैं.

कंटेस्टेंट और कंटेंट क्रिएटर आवेज दरबार ने बीते रोज सोमवार को अपना 33वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर उन्होंने इफ्तार पार्टी रखी, जिसमें टीवी के कई जाने-माने चेहरे नजर आए. लेकिन जिस चीज पर सबका सबसे ज्यादा ध्यान गया, वो है उनकी गर्लफ्रेंड नगमा मिराजकर की गैर-मौजूदगी. आवेज दरबार की इस पार्टी में नगमा शामिल नहीं हुईं और न ही उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें विश किया. ऐसे में अब नेटिजन्स सोच रहे हैं कि क्या दोनों का ब्रेकअप हो गया है.

**आवेज की पार्टी से गायब नगमा**

16 मार्च को आवेज की बर्थडे पार्टी में उनके दोस्त और परिवार वाले और बिग बॉस 19 के कई कंटेस्टेंट भी शामिल हुए. हालांकि, नगमा इस पार्टी से नदारद थीं. इतनी ही नहीं, नगमा ने सोशल मीडिया पर आवेज दरबार को विश भी नहीं किया. इस बात ने नेटिजन्स को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर माजरा क्या है और क्या अब वो अलग हो गए हैं. इससे पहले फरहाना भट्ट की बर्थडे पार्टी में बिग बॉस 19 के कई कंटेस्टेंट नजर आए, लेकिन नगमा और आवेज दोनों अलग-अलग पहुंचे थे.

**लोगों ने दिए ऐसे रिएक्शंस**

एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, नगमा और अवेज के साथ क्या हुआ? फरहाना की बर्थडे पार्टी में वो अलग-अलग आए थे और अब नगमा ने अवेज की बर्थडे पार्टी में शिरकत नहीं की, न ही उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें विश किया है. एक दूसरे यूजर ने लिखा, अवेज और नगमा के लिए बुरा लग रहा है.

## 'भिड़ू' जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा को नहीं पता चाबी से ताला कैसे खुलता है? कहा जिंदगी में कभी नहीं किया ये काम




जियो सिनेमा और कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'द 50' में हर दिन नए ड्रामे और ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं. इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ, जिसने न सिर्फ घर के सदस्यों को, बल्कि दर्शकों को भी दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया. बॉलीवुड के 'भिड़ू' यानी जैकी श्रॉफ की लाडली बेटी और टाइगर श्रॉफ की फिटनेस फ्रीक बहन कृष्णा श्रॉफ एक ऐसे टास्क में उलझ गईं, जिसे एक आम इंसान रोजमर्रा की जिंदगी में चुटकियों में कर लेता है.एपिसोड में जब नेहल चुडासमा और उनकी बेस्ट फ्रेंड कृष्णा श्रॉफ को लायन ने अपने डेन में बुलाकर एक दिलचस्प चुनौती दी. इस टास्क का मकसद फैंस के लिए प्राइज मनी जीतना और खुद के लिए खेल में अडवांटेज हासिल करना था. नियम बहुत सरल थे, नेहल और कृष्णा दोनों को भारी जंजीरों से बांधा गया था, जिनमें कई ताले लगे थे. उन्हें ढेर सारी चाबियों में से सही चाबी चुनकर अपने ताले खोलने थे.

**परेशान हो गईं कृष्णा**

आमतौर पर हर फिजिकल टास्क को बड़ी ही फुर्ती और ताकत के साथ जीतने वाली कृष्णा इस बार काफी 'कन्फ्यूज' नजर आईं. जहां नेहल एक के बाद एक चाबियां लगाकर ताले खोल रही थीं, वहीं कृष्णा चाबी को ताले में घुसाने के लिए भी संघर्ष करती दिखीं. ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि चाबी या ताले का सही सिरा कौन सा है और उसे घुमाना किस तरफ है. मनीषा रानी ने उन्हें डेन के बाहर से समझाने की कोशिश भी की, कि उन्हें चाबी को ऊपर-ऊपर से नहीं बल्कि अंदर तक घुमाना है. लेकिन कृष्णा समझ नहीं पाईं .

**नेहल ने मारी बाजी**

जब तक कृष्णा जैसे-तैसे अपनी पहली जंजीर खोल पातीं, तब तक नेहल ने बिजली की रफ्तार से करीब 15 ताले खोलकर जीत अपने नाम कर ली थी. कृष्णा की ये हालत देख मॉनिटर पर टास्क देख रहे बाकी कंटेस्टेंट्स अपनी हंसी नहीं रोक पाए और साथ ही साथ हैरान भी रह गए.

**अर्चना गौतम का तंज**

कृष्णा को ताले के साथ जद्दोजहद करते देख शो की सबसे एंटरटेनिंग कंटेस्टेंट अर्चना गौतम ने अपनी चिर-परिचित शैली में चुटकी ली. अर्चना ने हैरानी जताते हुए कहा, भाई, मुझे भी जिंदगी में इतना अमीर बनना है कि मुझे ये न पता हो कि ताला कैसे खुलता है. अर्चना की इस बात पर वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट्स ठहाके मारकर हंसने लगे.

शादी के 10 साल बाद मां बनने वाली हैं 'इशिता भल्ला'?

# दिव्यांका त्रिपाठी

## के घर गूंजने वाली है किलकारी!



टेलीविजन की सबसे चहेती बहू और 'ये है मोहब्बतें' फेम दिव्यांका त्रिपाठी दहिया के फैंस के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है. सूत्रों से मिली जानकारी की मानें, तो दिव्यांका और उनके पति विवेक दहिया जल्द ही माता-पिता बनने जा रहे हैं. शादी के करीब 10 साल बाद इस कपल के घर नन्हा मेहमान आने वाला है. फिलहाल दिव्यांका त्रिपाठी अपनी प्रेग्नेंसी के खुशनुमा दौर एन्जॉय कर रही हैं.




जानकारी के मुताबिक कि दिव्यांका अपनी प्रेग्नेंसी के छठे या सातवें महीने में हैं. हालांकि, दिव्यांका और विवेक ने अभी तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये कपल जल्द ही सोशल मीडिया पर एक प्यारे से पोस्ट के साथ इसकी घोषणा कर सकता है.

**पर्दे पर शुरू हुई थी 'मोहब्बतें'**

दिव्यांका और विवेक की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है. दोनों की मुलाकात एकता कपूर के टीवी शो 'ये है मोहब्बतें' के सेट पर हुई थी. पहले दोस्ती हुई और फिर ये रिश्ता प्यार में बदल गया. जुलाई 2016 में दोनों ने भोपाल में एक शाही अंदाज में शादी की थी. तब से लेकर आज तक, ये जोड़ी टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे 'आदर्श जोड़ी' मानी जाती है. फैंस इन्हें प्यार से 'दिवेक' बुलाते हैं.

**प्राइवेसी का रखते हैं खास ख्याल**

दिव्यांका और विवेक हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखना पसंद करते हैं. वे अपनी लाइफ के चुनिंदा और खास पल ही फैंस के साथ शेयर करते हैं. यही वजह है कि अब तक इस प्रेग्नेंसी की खबर को सीक्रेट रखा गया था. चाहे वेकेशन की तस्वीरें हों या एक-दूसरे को प्रोफेशनल लाइफ में सपोर्ट करना, 'दिवेक' ने हमेशा एक स्ट्रॉन्ग पार्टनरशिप की मिसाल पेश की है.

## कानपुर में ट्रेन ट्रैक पर जला एलपीजी सिलेंडर मिला, यात्रियों में दहशत

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर कैंटोनमेंट इलाके में बुधवार शाम लगभग 7:30 बजे दिल्ली-प्रयागराज रेल मार्ग पर एक छोटा एलपीजी सिलेंडर जल गया। यह घटना कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में हुई। पांच किलो का सिलेंडर ट्रैक से लगभग सात फीट दूर मिला। स्थानीय निवासियों ने आग पर पुलिस और आरपीएफ के आने से पहले ही काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार, सिलेंडर महाबोधि एक्सप्रेस से गिरा हो सकता है और गैस रिसाव के कारण उसमें आग लग गई। घटनास्थल से अधजला बोरा बरामद हुआ, जिसमें बर्तन, मोबाइल फोन और प्रतापगढ़ निवासी ओम प्रकाश मिश्रा का आधार कार्ड मिला। डीसीपी (ईस्ट) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मिश्रा दिल्ली में सुरक्षा गार्ड हैं और घर लौट रहे थे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की गहन जांच कर रही हैं। शुरुआती आकलन इसे हादसा मान रहा है, लेकिन शराब सेवन, लापरवाही या संभावित साजिश के पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## वर्धा रोड फ्लाईओवर पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नागपुर में वर्धा रोड स्थित जयप्रकाश मेट्रो स्टेशन के पास डबलडेकर फ्लाईओवर पर बुधवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिसके बाद देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धू कर जल उठी। गनीमत यह रही कि कार चला रहे युवक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, यशोधरानगर निवासी अमजद खान उर्फ इमरान खान अपने एक रिश्तेदार से मुलाकात कर घर वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार राजीव नगर के पास फ्लाईओवर पर पहुंची, तो अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान कार के दरवाजे (सेंट्रल लॉकिंग) जाम हो गए। अमजद ने कड़ी मशक्कत के बाद खुद को सुरक्षित बाहर निकाला। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के कारण फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुरक्षा के मद्देनजर यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के बेसा-पिपला और नरेंद्रनगर केंद्रों से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार डीजल इंजन वाली थी और संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस और विशेषज्ञ जांच में जुटे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

## सिंगरौली में शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

सिंगरोली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई है। आरोप है कि सरकारी प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल पहुंचता है और हाजिरी लगाकर घर लौट जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबत कर दिया है। लोगों का कहना है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। शराबी शिक्षक के डर और पढ़ाई न होने की वजह से आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। पूरा मामला बरगवां थाना क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला मझौली टोला मजगवां सेकेंड का है। यहां शिक्षक लखपति सिंह पदस्थ हैं। इस स्कूल में कुल 25-30 बच्चे हैं, शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल आते हैं और अपनी हाजिरी लगाकर वापस घर लौट जाते हैं। आरोप है कि आरोपी शिक्षक लखपति जब तक स्कूल में होते हैं तब शराब के नशे में बच्चों के साथ बदतमीजी करते हैं। इस कारण आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। बच्चों के अभिभावक और स्थानीय निवासियों ने बताया कि लखपति सिंह सालों से शराब पीकर स्कूल आ रहे हैं। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

## हरियाणा कांग्रेस में आंतरिक खींचतान, क्रॉस वोटिंग पर उठे सवाल

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद अब सार्वजनिक हो गए हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर चौधरी ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए पार्टी नेतृत्व और नेताओं पर सीधे निशाना साधा। गुर्जर ने विधायक शैली चौधरी पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह खारिज किया और कहा कि बिना सबूत किसी की छवि को नुकसान पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो गीता भुक्कल को लीगल नोटिस भेजा जा सकता है। गुर्जर ने पार्टी में चापलूसी बढ़ाने वालों की निंदा की और क्रॉस वोटिंग के आरोपों पर सभी तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की।

## झारखंड में जादू टोने के शक में बुजुर्ग से मारपीट कर पेशाब पीने पर किया मजबूर

लातेहार (एजेंसी)। झारखंड के लातेहार जिले में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को 'जादू टोना करने वाला' करार देने के बाद उसे पेशाब पीने के लिए मजबूर किया। पीड़ित के बेटे बृजेश मुंडा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना मंगलवार को नेतरहाट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दौना गांव में हुई। बेटे ने बताया कि ग्रामीणों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इसका विरोध किया। वहीं, एक स्वास्थ्यकर्मी को ग्रामीणों की इस हरकत का विरोध करने पर पीटा गया और वहां से भगा दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बृजेश मुंडा ने दावा किया है कि यह हमला हाल में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत के बाद हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह उसके पिता के काले जादू के कारण हुआ था। इसके बाद तकरीबन 15 ग्रामीणों के एक समूह ने बैठक बुलाई और कथित हमले से पहले उसके पिता को जादू टोना करने वाला करार दिया। वहीं एक स्वास्थ्यकर्मी के पति ने दावा किया कि इस घटना के दौरान उनकी पत्नी को पीटा गया। बृजेश मुंडा ने आरोप लगाया है कि बुधवार को पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन उसे वापस भेज दिया गया।

# दुनिया ईरान-अमेरिका जंग में उलझी...इधर भारत ने कर दिया कमाल, पड़ोसी पाकिस्तान की जान हल्क में

### -पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर मिडिल ईस्ट में ईरान की इजराइल और अमेरिका के साथ बेहद खतरनाक जंग जारी है। मिसाइलें, ड्रोन और एयर स्ट्राइक हर दिन हालात और ज्यादा गंभीर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच भारत ने चुपचाप एक ऐसा कदम उठाया हैं, जिसने पूरी दुनिया को दो टूक संदेश दिया कि भारत अब सिर्फ देख नहीं रहा बल्कि पूरी तैयारी में है। भारत ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण किया है। इस ऐतिहासिक परीक्षण को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अंजाम दिया गया। वहीं पोखरण जहां भारत ने अपने परमाणु परीक्षणों से दुनिया को चौंका दिया था और अब उसी धरती से फिर भारत की ताकत की गूंज सुनाई दे रही है। इस टेस्ट में कुल 24 पिनाका एनहांस रॉकेट लांच किए गए। इस परिक्षण के बाद पड़ोसी आंतकी मुल्क पाकिस्तान की हल्क में जान आ गई है।

इनका उद्देश्य था इनकी सटीकता, निरंतरता और मारक क्षमता को परखना और रिपोर्ट्स के मुताबिक इन रॉकेट्स ने हर पैरामीटर पर शानदार प्रदर्शन किया। अब सवाल उठता है कि यह पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट आखिर है क्या? दरअसल पिनाका एक मल्टीबैरल रॉकेट लांच सिस्टम है, जो कि पूरी तरह भारत में विकसित



किया गया है। यह सिस्टम कुछ ही सेकंड में दर्जनों रॉकेट दाग सकता है और दुश्मन के बड़े इलाके को तबाह कर सकता है। लेकिन इस नए वर्जन यानी कि एक्सटेंडेड रेंज की खास बात यह है कि इसकी मारक क्षमता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा दी गई है। जहां पहले इसकी रेंज करीब 40 कि.मी.थी, वहीं अब 70 से 90 कि.मी. तक सटीक वार कर सकता है। यानी अब भारतीय सेना दुश्मन को दूर से और ज्यादा सटीक तरीके से निशाना बना सकती है। और सबसे बड़ी बात यह टेस्ट सिर्फ एक प्रोटोटाइप का नहीं था बल्कि दो अलग-अलग प्रोडक्शन बेंचों का था। इसका मतलब होता है कि अब यह टेक्नोलॉजी सिर्फ लैब तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तैयार है।

इस पूरे परीक्षण को निजी डिफेंस कंपनी सोलार ग्रुप ने अंजाम दिया। यह दिखाता है कि भारत में प्राइवेट सेक्टर भी अब डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। अब जरा इस खबर को ग्लोबल परिपेक से समझिए। एक तरफ ईरान और इजराइल के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिका भी संघर्ष में सीधे शामिल है। पूरी दुनिया में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इसके बाद भारत का यह परीक्षण सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं बल्कि एक रणनीतिक संदेश है। संदेश यह है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। संदेश यह है कि भारत अब किसी पर निर्भर नहीं है और संदेश यह है कि भारत अब टेक्नोलॉजी और ताकत दोनों में तेजी से आगे बढ़ चुका है। बता दें, आधुनिक युद्ध सिर्फ सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते। आज की लड़ाई टेक्नोलॉजी सटीकता और दूरी से लड़ी जाती है और पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट इसी नई युद्ध नीति का सबसे बड़ा हिस्सा है। खैर आज जब दुनिया में हर तरफ अनिश्चितता है।

## हिमाचल बजट सत्र : सुक्खू सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं

### -नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और कार्यकाल को लेकर साधा निशाना

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और तीन साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं हैं और पूरा भाषण आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहा। सरकार लगातार केंद्र सरकार को कोस रही है जबकि बीजेपी के कार्यकाल में परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते चार साल में सरकार कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की है। प्रदेश में नई योजनाओं का अभाव रहा और कई संस्थान बंद कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य पर कर्ज बढ़कर करीब एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है लेकिन इसके बावजूद जमीन पर कोई विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं। पिछली सरकार पर ठेकेदारों को खुश करने के आरोपों का जवाब देते हुए जयराम ने कहा कि उस समय बनाए गए भवन जनता की मांग और विधायकों की सिफारिश पर बने थे। विपक्ष ने सवाल उठाया कि जिन उद्देश्यों के लिए ये भवन बनाए गए थे वर्तमान सरकार उन्हें पूरा क्यों नहीं कर रही और कई संस्थानों को बंद क्यों किया गया। संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि विस्तार के बाद इन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गईं क्या उन्होंने उन्हें ईमानदारी से निभाया। राजनीतिक माहौल पर तंज कसते हुए जयराम ने सीएम सुक्खू के बयान पर पलटवार किया और कहा कि वे किसी तनाव में नहीं हैं बल्कि सीएम खुद चिंता में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर ही मंत्री यह कह रहे हैं कि सरकार बनने का श्रेय किसी और को जाता है और उपमुख्यमंत्री की भूमिका को लेकर भी बयानबाजी हो रही है।

## शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे के संपर्क में, बदलना चाहते हैं दल

### -एकनाथ शिंदे के दिल्ली से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा, उद्धव गुट में बढ़ी बेचैनी!

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत में क्या डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे एक बार खेला करने जा रहे हैं? शिंदे के दिल्ली दौरे से महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई है, जिसे लेकर उद्धव ठाकरे गुट में बेचैनी बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि उद्धव के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंद के संपर्क में है और दल बदलने के लिए तैयार का रहे हैं। शिंदे का यह कदम उस बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसका मकसद अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाना और संसद में अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाना है। महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। शिंदे के तीन दिवसीय दिल्ली दौरे ने उद्धव ठाकरे गुट की बेचैनी को बढ़ा दिया है। हालांकि, शिंदे के साथ दिल्ली दौरे पर मौजूद रहे उदय सामंत ने कहा कि यह दौरा पूरी तरह से सांसदों के साथ संवाद और मार्ग दर्शन के लिए था।

रिपोर्ट के मुताबिक डिप्टी सीएम एकनाथ ने अपने दिल्ली दौरे पर सबसे पहले संसद भवन पहुंचे। संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात की और उसके केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले थे। सूत्रों की माने तो उद्धव ठाकरे के 9 लोकसभा सांसदों में से आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में है और पाला बदलने के इच्छुक हैं। शिवसेना के सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली यात्रा के दौरान एकनाथ शिंदे ने अपने सांसदों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने उद्धव गुट के सांसदों के पाला बदलने के मुद्दे पर चर्चा की। ऐसे शिंदे ने दिल्ली दौरे पर कानूनी विशेषज्ञों से इस संबंध में राय भी ली है। इसके बाद से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई।

# बंगाल चुनाव से पहले चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, 40 से ज्यादा अफसरों का तबादला

### शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पुलिस महकमे तक व्यापक फेरबदल, राजनीतिक माहौल गरमाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए राज्य में व्यापक फेरबदल किया है। अब तक 40 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पदों से हटाया या स्थानांतरित किया जा चुका है, जिसे लेकर अब राजनीतिक गलियारे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पदों से हटाकर चुनाव से जुड़े कार्यों से दूर कर दिया गया है। उनकी जगह दुश्मंता नरिवाला को नया मुख्य सचिव और संगमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर इतनी तेजी से बदलाव को राज्य के इतिहास में दुर्लभ माना जा रहा है।

यह कार्रवाई केवल शीर्ष अधिकारियों तक सीमित नहीं रही। पुलिस विभाग में भी बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), कानून-व्यवस्था के महानिदेशक, दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक और उत्तर बंगाल के महानिरीक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को बदला गया है। इसके साथ ही बैरकपुर, हावड़ा, आसनसोल और चंदननगर जैसे प्रमुख शहरों के पुलिस आयुक्तों का भी स्थानांतरण किया गया है।

क्षेत्रीय स्तर पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिला है। मुर्शिदाबाद, बर्दवान, प्रेसिडेंसी रेंज, रायगंज और जलपाईगुड़ी के पांच डीआईजी को हटाया गया है, जबकि कूचबिहार, बीरभूम, हुगली ग्रामीण, मालदा और पूर्व-पश्चिम मेदिनीपुर समेत 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। साथ ही 15 आईपीएस अधिकारियों को अन्य राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

राजनीतिक मोर्चे पर भी इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने जहां चुनावी जीत का दावा किया है, वहीं ममता बनर्जी ने आयोग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम बीजेपी के इशारे पर उठाया गया है। वहीं बीजेपी ने चुनाव आयोग के इस फैसले का समर्थन किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए ऐसे कदम जरूरी थे।

चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है। आयोग के अनुसार, इन बदलावों से प्रशासनिक निष्पक्षता बनी रहेगी और मतदाताओं का भरोसा मजबूत होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले हुआ यह बड़ा प्रशासनिक फेरबदल आने वाले दिनों में राज्य की राजनीति और चुनावी रणनीतियों पर गहरा असर डाल सकता है।

# सोनिया गांधी पर भड़के कांग्रेस नेता थरुर कहा- जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरुर लगातार कांग्रेस के खिलाफ बयान दे रहे हैं। कई मौकों पर उन्होंने तंस भी कसे हैं। इस बार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर पलटवार किया है। सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन और उसके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर नई दिल्ली की खामोशी भारत की विदेश नीति की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में खड़े होने के अवसर को गंवाने जैसा बताया था। इसके जवाब में थरुर ने कहा है कि जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं हो सकती।

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भारत सरकार के रुख को लेकर देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही है। जहाँ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सरकार की चुप्पी की तीखी




आलोचना की है, वहीं तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने सरकार के इस कदम को एक सोची-समझी और जिम्मेदार कूटनीति (रिस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट) करार दिया है।

हालांकि, पूर्व राजनयिक और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इस आलोचना से असहमति जताते हुए एक अलग दृष्टिकोण पेश किया है। थरूर का तर्क है कि भारत की चुप्पी कोई नैतिक आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनाया गया एक व्यावहारिक संतुलन है। उनके अनुसार, विदेश नीति केवल नैतिक भाषणबाजी का मंच नहीं है, बल्कि यह सिद्धांतों और शक्ति के बीच संतुलन साधने का क्षेत्र है। थरूर ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि भारत ने अतीत में भी कई बार राष्ट्रीय हितों के चलते चुप्पी साधी है, जैसे 1956 में हंगरी या 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप के दौरान। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि वहां 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं और हमारा 200 अरब डॉलर का व्यापार उसी क्षेत्र पर निर्भर है। ऐसे में किसी एक पक्ष के खिलाफ कड़ा सार्वजनिक रुख अपनाना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। सांसद थरूर ने यह भी रेखांकित किया कि मौजूदा वैश्विक हालातों और अमेरिका के साथ रक्षा व तकनीकी साझेदारी को देखते हुए भारत का संयम ही उसकी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि चुप्पी का मतलब युद्ध का समर्थन करना नहीं, बल्कि अनावश्यक टकराव से बचते हुए कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना है।

## नौसेना अलर्ट, भारत ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए खाड़ी क्षेत्र में युद्धपोतों की तैनाती बढ़ाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस संवेदनशील समुद्री मार्ग पर बढ़ते खतरों को देखते हुए भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। भारतीय नौसेना ने खाड़ी क्षेत्र में अपने युद्धपोतों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि कच्चे तेल और गैस लेकर आने वाले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया जा सके।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग के एक तरफ फारस की खाड़ी और दूसरी ओर ओमान की खाड़ी स्थित है। भारत अपनी तेल और गैस की जरूरतों के लिए कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों पर निर्भर है, जिनके टैंकर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। वर्तमान में अमेरिका,



इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के कारण इस मार्ग पर आवाजाही लगभग ठप हो गई है, जिससे भारत के करीब 22 व्यापारिक जहाज वहां फंसे हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नौसेना ने वहां मौजूद तीन युद्धपोतों के साथ अतिरिक्त जहाजों को तैनात करने का निर्णय लिया है, जिससे कुल संख्या छह से सात तक हो जाएगी। भारतीय नौसेना यह मिशन ऑपरेशन संकल्प के तहत चला रही है। इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2019 में समुद्री सुरक्षा और भारतीय व्यापारिक जहाजों में भरोसा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। नौसेना की इस मुस्तैदी का सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला है। हाल ही में शिवालिक और नंदा देवी नामक दो एलपीजी जहाजों को करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस के साथ सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुँचाया गया है। इसके अलावा, एक भारतीय युद्धपोत ने हाल ही में यूएई के फुजैरा पोर्ट से निकले तेल टैंकर को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक कच्चे तेल की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। ऐसे में भारत की यह सैन्य तैनाती न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों में स्थिरता बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। नौसेना अदन की खाड़ी में भी 2008 से लगातार एंटी-पायरेसी मिशन चला रही है, जो समुद्र में भारत की बढ़ती शक्ति और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

# 15 अप्रैल तक बन सकती है बिहार में नई सरकार, नीतीश कुमार यात्रा खत्म होते ही देंगे इस्तीफा

### -बिहार का सीएम बीजेपी से ही होगा! शाह और केंद्रीय नेताओं की पसंद सम्राट चौधरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीतीश कुमार के राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होते ही सीएम पद से उनके इस्तीफे का काउंट डाउन शुरू हो गया है। उनके इस्तीफे की तारीख का अनुमान भी लोग लगाने लगे हैं। सीएम पद छोड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है लेकिन इतना तय है कि 15 अप्रैल तक वे सीएम पद से भी इस्तीफा दे देंगे। जन प्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक कोई व्यक्ति एक साथ दो सदनों का सदस्य नहीं रह सकता। एक सदन का सदस्य रहते कोई दूसरे सदन का सदस्य निर्वाचित होता है तो उसे एक सदन से 14 दिनों के अंदर इस्तीफा देना होता है।

नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए 16 मार्च को निर्वाचित हुए हैं। वे किस सदन का सदस्य रहेंगे, अब उन्हें तय करना है लेकिन हर हाल में उन्हें 14 दिनों के अंदर ही यह फैसला करना होगा। नीतीश के संदर्भ में वह तारीख 30 मार्च होगी। वे पहले से बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं। अनुमान है कि नीतीश अपनी चल रही समृद्धि यात्रा खत्म होते ही इस्तीफा दे देंगे। हालांकि वे चाहें तो विधान परिषद से इस्तीफे के बाद भी 6 महीने तक सीएम पद पर बने रह सकते हैं। नीतीश के सीएम पद छोड़ने पर बीजेपी से नया सीएम बनना तय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में बीजेपी का सीएम बनना ऐतिहासिक पल होगा। बिहार में पहली बार बीजेपी का नेता सीएम बनेगा। बीजेपी की सालों पुरानी मुराद अब पूरी होने जा रही है। 2005 से नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार चल रही है, मुख्यमंत्री हमेशा जेडीयू से ही रहा है। बीजेपी दो मौकों पर सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सीएम पद से वंचित रही। अब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के साथ बीजेपी का यह लंबा इंतजार खत्म होने वाला है। 2020 में बीजेपी विधायकों की संख्या जेडीयू से ज्यादा थी। तब भी सीएम नीतीश कुमार ही बने थे। तब बीजेपी के 80 तो जेडीयू के 43 विधायक थे। 2025 में भी बीजेपी ने दूसरी बार जेडीयू से ज्यादा सीटें जीतीं। इसके बावजूद गठबंधन की शर्तों के मुताबिक बीजेपी ने सीएम की कुर्सी जेडीयू को ही सोंप दी। नीतीश ने 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली। अब चूंकि नीतीश राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं, इसलिए बीजेपी का सीएम बनना तय है।

बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव शुरू होने के पहले सीएम की कुर्सी छोड़ दें। बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनना पार्टी के लिए बंगाल में मनोबल बढ़ाने वाला होगा। बंगाल में बीजेपी पिछड़ा और अन्य वर्गों को साधने की कोशिश कर रही है, पिछड़े वर्ग के नेता का सीएम बनने बंगाल में भी संदेश जाएगा। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना और बीजेपी का सीएम बनना एनडीए की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं विपक्षी महागठबंधन इसे बीजेपी की साजिश बता रहा है, लेकिन एनडीए इसे विकास और स्थिरता का प्रतीक मान रहा है।

नीतीश के इस्तीफे के बाद सीएम की रेस में कई नाम चर्चा में हैं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय भी पिछड़ा वर्ग से आते हैं। यादव समाज की 14 फीसदी आबादी को देखते हुए उनके नाम की चर्चा हो रही है। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं। उन्हें सीएम बनाया जाता है तो वे आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की काट साबित होंगे। उनके अलावा पिछड़े वर्ग से आने वाले दिलीप जायसवाल के नाम की भी चर्चा है। बीजेपी ने अगर सवर्ण समाज से किसी को सीएम की कुर्सी सौंपने का मन बनाया तो विजय सिन्हा का नाम भी हो सकता है। वे अभी डेप्युटी सीएम हैं। इन सभी नामों के अलावा डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी का नाम सबसे अधिक चर्चा में है।

सम्राट चौधरी के नाम पर भाजपा में



सहमति बनने की संभावना अधिक दिख रही है। बीजेपी ने उन्हें ओबीसी चेहरा बना कर पेश किया है, जो बिहार की जातीय समीकरण में अहम है। नीतीश कुमार के ईबीसी और दलित वोट बैंक को बनाए रखने के लिए सम्राट जैसे नेता की ही जरूरत है। अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेताओं की पसंद भी सम्राट चौधरी ही हैं।

राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा जोरों पर है कि 15 अप्रैल के पहले बिहार में नई सरकार बन जाएगी। बंगाल में उसके बाद विधानसभा के चुनाव शुरू होंगे। बंगाल की जनता को साधने के लिए बीजेपी ने पहले नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बंगाल में कायस्थ इंटलेक्चुअल समाज का हिस्सा माने जाते हैं। नबीन कायस्थ बिरादरी से ही आते हैं। बंगाल के पिछड़े वोटरों को ध्यान में रख कर बीजेपी सम्राट के जरिए संदेश देना चाहेगी कि वह उनकी हितैषी है। बीजेपी का जोर युवा नेतृत्व पर भी बढ़ा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com